मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल

सोमवार 12 मई 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 135

■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

## कांग्रेस ने दिल्ली में हेडक्वॉर्टर के बाहर लगाया पोस्टर

### इंदिरा होना आसान नहीं




**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर का ऐलान किया गया। एक दिन बाद कांग्रेस ने दिल्ली में हेडक्वॉर्टर के बाहर इंदिरा होना आसान नहीं वाला पोस्टर लगाया। इस पोस्टर के साथ ही 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के सरेंडर वाली तस्वीरें भी लगाईं। पोस्टर में इंडिया मिस इंदिरा (भारत इंदिरा को याद कर रहा है) की बात भी लिखी गई।

उधर कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने भारत-पाक के बीच अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर सवाल उठाए। पायलट ने कहा- अमेरिका दो दिन पहले कहता है कि इस मसले से उसका कोई लेना देना नहीं है। फिर अचानक वॉशिंगटन से सीजफायर की घोषणा कई सवाल खड़े करती है। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। सचिन पायलट ने भी कहा कि भारत सरकार को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और जो पिछली दो मीटिंग में नहीं हुआ। उस पर बात करनी चाहिए।

## चुपके-चुपके

### छोटे सरकार अपनी पुरानी पार्टी की ताक रहे राह

एक नेता जी के बयानों से उनकी पार्टी इस कदर आजिज आ चुकी है कि उसने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेज दिया है। लेकिन नेता जी के माथे पर तनिक भी शिकन नहीं दिख रही है। खबरची का कहना है कि छोटे सरकार के नाम से ख्यात नेता जी जब से चुनाव हारे हैं, वे अपनी राजनैतिक हैसियत बढ़ाने की कोशिश में लगे हुए हैं, लेकिन उन्हें उनकी पार्टी महत्व ही नहीं दे रही है। इससे वे कभी पार्टी तो कभी नेताओं को कटघरे में खड़े करते रहते हैं। सूत्रों का कहना है कि छोटे सरकार अपनी पुरानी पार्टी में जुगाड़ लगा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाएगा। इसलिए वे और मुखर हो गए हैं और पुरानी पार्टी से बुलाव की राह ताक रहे हैं।

-खबरची

# मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं की खुली पोल...

## शव नोंच-नोंच कर खा गए कुत्ते...

### नर्मदापुरम जिला अस्पताल में नहीं था गार्ड



**भोपाल/नर्मदापुरम/बैतूल, ईएमएस।** मप्र में स्वास्थ्य सेवाओं को हाईटेक बनाने के लिए सरकार करोड़ों रूपए स्वाहा कर रही है। इसके बावजुद स्वस्थ्य सेवाओं की बदहाली दूर नहीं हो रही है। मप्र की स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल नर्मदापुरम और बैतूल की घटना ने खोल दी है। नर्मदापुरम जिला अस्पताल में गार्ड नहीं होने के कारण एक युवक के शव को कुत्तों ने नोंच-नोंच कर खाया, वहीं बैतूल में एक घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस नहीं मिली तो उसे ठेले पर अस्पताल पहुंचाया गया।

#### युवक के शव को कुत्तों ने नोंचा

नर्मदापुरम जिला अस्पताल में सड़क हादसे में मृत युवक के शव को कुत्ते नोच-नोचकर खा गए। परिजन थोड़ी देर के लिए पानी पीने गए थे। लौटकर आए तो युवक की गर्दन का हिस्सा कटा देखा। परिजन ने इसे लेकर अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। उन्होंने कहा कि रात में गार्ड की तैनाती नहीं थी। हम कुत्तों को भगा रहे थे। उन्होंने 7 दिन में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। बनापुरा निवासी निखिल चौरसिया (21) अपने दोस्त रितिक राजपूत और रोहित मेहरा के साथ शुक्रवार को पालनपुर शादी कार्यक्रम से लौट रहा था, तभी डोलरिया रोड पर उनकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में निखिल चौरसिया की मौके पर मौत हो गई, जबकि रितिक और रोहित गंभीर रूप से घायल हैं। भी यह पता नहीं चला है कि टक्कर किस वाहन ने मारी थी।

#### पोस्टमॉर्टम हाउस में रखा था युवक का शव

निखिल का शव नर्मदापुरम जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया था। युवक की बहन ने कहा रात में पानी पीने बाहर गए थे। एक कुत्ता भाई के शरीर से मांस नोच कर ले भागा। इसकी शिकायत हमने सीएम हेल्पलाइन 181 पर की है।

## बुजुर्ग को ठेले से पहुंचाया अस्पताल...

### बैतूल में नहीं मिली एंबुलेंस

#### सीएमएचओ के खिलाफ प्रदर्शन

रविवार को श्री समर्पण श्री के सदस्यों ने सीएमएचओ के खिलाफ प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्य स्वदेश सैनी ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में लापरवाही करने वालों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो सीएमएचओ का पुतला दहन किया जाएगा।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. सुधीर विजयवर्गीय ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा गार्ड को शोकॉज नोटिस जारी किया जाएगा। भविष्य में कोशिश करेंगे कि व्यवस्था में सुधार लाया जाए। साथ ही ध्यान रखा जाएगा कि आगे से ऐसी घटना न हो। जिला अस्पताल में तीन साल से शव रखने की व्यवस्था नहीं है। दरअसल, तीन साल पहले पेड़ गिरने से शेड और फ्रीजर टूट फूट गए थे। इसके बाद विभाग ने खराब हुए फ्रीजर को कबाड़ में बेच दिया।

#### घायल बुजुर्ग को ठेले से पहुंचाया अस्पताल



बैतूल में कार की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। लेकिन उसे एंबुलेंस नहीं मिली। ऐसे में घायल को ठेले से अस्पताल पहुंचाया गया। यह कहना उचित होगा कि यह घटना स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलती है। यह घटना मुलताई थाना क्षेत्र के जय स्तंभ चौक की है। रविवार को तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं इस दुर्घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने 108 पर हादसे की जानकारी दी। लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। इधर, बुजुर्ग की बिगड़ती हालत को देखते हुए स्थानीय लोगों ने मजबूरन ठेले से घायल को अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद 108 एम्बुलेंस सेवा के कामकाज पर सवाल उठने लगे हैं।

## फटाफट खबरें

### दौड़ाकर 2 को गोली मारी

**आजमगढ़, ईएमएस।** आजमगढ़ में युवक ने दो लोगों को दौड़ाकर गोली मार दी। युवक के पिता घर के पास सेप्टिक टैंक बनवा रहे थे। पड़ोसियों ने युवक के पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पर युवक ने दो लोगों को दौड़ाकर लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। एक के कमर व दूसरे के पेट में गोली लगी है। घटना जहानागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवक पिस्टल लेकर भागते हुए नजर आ रहा है। गोली चलते ही चीख-पुकार मच गई।

### फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव

**मथुरा, ईएमएस।** मथुरा के महोली रोड के वेस्ट प्रताप नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक आइस फैक्ट्री में रविवार सुबह 8.30 बजे अमोनिया गैस होने से अफरातफरी फैल गई। आसपास गैस फैलने से लोगों का दम घुटने लगा। फैक्ट्री के बगल में रह रहे एक परिवार के आधा दर्जन लोग घर छोड़कर भागे। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन और पुलिस ने मकान में रह रही वृद्ध महिला को रेस्क्यू करके दूसरे मकान में शिफ्ट कराया। पुलिस ने एक-एक किलोमीटर पहले यातायात रोक दिया। जिसे एक घंटे बाद शुरू किया गया।

### अडाणी पावर नया पावर प्लांट बनाएगी

**मुंबई, ईएमएस।** अडाणी पावर को उत्तरप्रदेश में 1500 मेगा वॉट बिजली सप्लाई का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इसके लिए कंपनी यूपी में नया अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट बनाएगी। प्लांट से 5.383 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली सप्लाई की जाएगी। प्लांट को डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। यूपी में 2033-34 तक बिजली की मांग 11,000 मेगावाट बढ़ने का अनुमान है। इसके चलते अडाणी को और कॉन्ट्रैक्ट दिए जा सकते हैं। अडाणी पवार को एक साल में ये दूसरा बड़ा ठेका मिला है।

## भारत-पाक सीजफायर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप का एक और दावा... कहा-अब हम निकालेंगे कश्मीर का भी कोई ना कोई समाधान...भारत की दो टूक-हमारी स्थिति स्पष्ट है...

# कश्मीर पर मध्यस्थता की जरूरत नहीं

● नई दिल्ली, ईएमएस

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ दोनों देशों तनाव बढ़ गया था। लंबे संघर्ष के बाद 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर का ऐलान किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि यूएस ने इस संघर्षविराम में मध्यस्थता की भूमिका निभाई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और पाकिस्तान में बीच कश्मीर को लेकर जारी विवाद को भी सुलझा लिया जाएगा। इस पर भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर पर दिए बयान से पाकिस्तान में खुशी जताई जा रही है। दरअसल पाकिस्तान पिछले कई दशकों से कश्मीर को विवादित मुद्दा बताता रहा है। वहीं भारत इस मामले में रुख रहा है कि कश्मीर कोई विवादित मुद्दा नहीं है बल्कि पूरा का पूरा कश्मीर भारत का है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर विवाद का हल निकालने के ऐलान से पाकिस्तान में खूब चर्चा हो रही है। पीपीपी सीनेटर शेरी रहमान ने कहा कि भारत कभी नहीं चाहता था कि कश्मीर का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाए। वहीं, इमरान खान की सरकार में सूचना मंत्री रहे चौधरी फवाद खान ने कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान भारत के हित में है।

#### पीओके लौटाने पर होगी बात...

विदेश मंत्रालय से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत का साफ कहना है कि कश्मीर के मुद्दे पर हमारा रुख साफ है और किसी भी तीसरे पक्ष की दखल स्वीकार नहीं है। पाकिस्तान अगर आतंकियों को सौंपना चाहता है, तो बातचीत के दरवाजे जरूर खुले हैं। साथ ही भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने के मुद्दे पर बातचीत की जा सकती है। इसके अलावा किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत की गुंजाइश नहीं है और न ही हम किसी की मध्यस्थता चाहते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए सेना ने कहा...

## पाक के 40 सैनिक, 100 से ज्यादा आतंकी मारे

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।




इन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के 40 सैनिक और अफसर मारे गए, वहीं 100 से ज्यादा आतंकी ढेर हुए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं।

### भारत का पाकिस्तान को कड़ा संदेश-

## वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा...

प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आ मक नीति अपनाएगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिख की मांग

## संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को खत्म करने के लिए 10 मई की शाम सीजफायर की घोषणा की गई। इसके बाद भी बॉर्डर से सटे कई इलाकों में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमला किया जा रहा है। इसी बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।



विपक्ष की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाने को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने लिखा है कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी, मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए।

#### पिछले सारे घटनाक्रम पर सामूहिक चर्चा जरूरी

चिट्ठी में राहुल ने आगे लिखा है कि लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और आज के युद्ध विराम पर चर्चा करना बहुत जरूरी है, जिसकी घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने की थी। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी एक अवसर होगा। मुझे विश्वास है कि आप इस मांग पर गंभीरता से और तेजी से विचार करेंगे। सीजफायर के बाद से ही विपक्ष के नेता संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इसको लेकर पीएम मोदी को एक चिट्ठी लिखी थी।

## युद्ध खत्म करने को तैयार है रूस!

### पुतिन ने यूक्रेन को दिया सीधी बातचीत का प्रस्ताव

**मास्को, ईएमएस।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को इस्तांबुल में 15 मई को यूक्रेन के साथ सीधी वार्ता का प्रस्ताव रखा और कहा कि इसका उद्देश्य स्थायी शांति स्थापित करना तथा युद्ध के मूल कारणों को खत्म करना होना चाहिए- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, रूस इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का प्रस्ताव दे रहा है ताकि संघर्ष के मूल कारणों को कम किया जा सके और लंबे वक्त तक स्थायी शांति बहाल की जा सके- पुतिन ने साल 2022 में रूसी हमले के तुरंत बाद विफल वार्ता का जिक्र करते हुए कहा, वार्ता तोड़ने के पीछे रूस नहीं, बल्कि यूक्रेन था- जिसने साल 2022 में वार्ता को तोड़ दिया था- फिर भी हम प्रस्ताव कर रहे हैं कि कीव बिना किसी पूर्व शर्त के फिर से सीधी बातचीत शुरू करें।



#### ये दोनों देशों के लिए महान दिन

यूक्रेन के साथ रूस की बातचीत की पेशकश को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के लिए महान दिन बताया। ट्रम्प ने कहा- इससे लाखों लोगों की जिंदगी बचेगी। उन्होंने दोनों देशों के साथ काम जारी रखने की भी बात कही। उन्होंने कहा अमेरिका जंग के बजाय पुनर्निर्माण और बाजार पर फोकस करेगा।

#### 30 दिन के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज किया

व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का प्रस्ताव कीव और यूरोपीय नेताओं के 12 मई से बिना शर्त 30 दिन के सीजफायर के ऐलान करने के कुछ घंटों बाद आया है। हालांकि, पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीजफायर पर सहमत होने के अल्टीमेटम को अस्वीकार कर दिया है। यूक्रेन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के नेताओं ने शनिवार को कीव में रूसी राष्ट्रपति को धमकी दी थी कि अगर वे सीजफायर पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो बाकी देश यूक्रेन को सैन्य समर्थन देंगे।

### इंदौर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए सीएम डॉ. मोहन, कहा...

## पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही



**इंदौर, ईएमएस।** हमारी सेना ने हमेशा भारत की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। हमने पाकिस्तान जैसा कुटेला दुश्मन कभी नहीं देखा, लेकिन हम तैयार हैं। हमारे सैनिकों को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए और ज्यादा संसाधन दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ये बातें इंदौर में कहीं। वे रविवार को शहर के दौरे रहे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

#### जब राफेल खरीदे गए तब सवाल उठे थे

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनता के हितों की रक्षा कर रही है। अगर कोई देश नापाक मंशा रखता है तो उसे करारा जवाब भी दिया जाता है। पीएम मोदी कहते हैं कि भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं। सीएम ने कहा कि जब राफेल खरीदे गए थे तो सवाल उठे थे। आज वही राफेल दुश्मनों के ठिकानों को तबाह कर रहे हैं। सेना को फ्री हैंड देकर सरकार ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है। यह भारत की नई तकनीक और नए आत्मविश्वास का प्रतीक है।

#### 20 मई को इंदौर में होगी कैबिनेट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लाड़ली बहनों को हर महीने उनके हाथों में पैसा पहुंचा रही है। किसानों के लिए सिंचाई योजना शुरू की जा रही है और पांच रुपए में बिजली कनेक्शन दिए जा रहे हैं। सरकार सोलर पंप पर बची हुई बिजली खरीदेगी। 20 मई को इंदौर में कैबिनेट बैठक होगी।

## गैंगस्टर छोटा राजन हत्या के प्रयास के मामले में बरी

**बहराइच, ईएमएस।** अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को 21 साल पुराने एक हत्या के प्रयास के मामले में मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने बरी कर दिया है। यह मामला 2004 का है, जब मुंबई में एक व्यापारी पर हत्या का प्रयास किया गया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष छोटा राजन के खिलाफ अपराध को साबित करने में विफल रहा, क्योंकि कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया। 2004 में अंधेरी पुलिस स्टेशन में दर्ज इस मामले के अनुसार, 6-7 लोग व्यापारी की फर्म के कार्यालय में घुसे और वहां मौजूद एक अकाउंटेंट पर गोलियां चलाई थीं। इस घटना में छोटा राजन को वांछित आरोपी घोषित किया गया था।

## आज का कार्टून




## दो पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

### सेना की गतिविधि दिल्ली में हाई कमीशन को भेज रहे थे

**मलेरकोटला, ईएमएस।** पंजाब की मलेरकोटला पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है जो भारत की सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी पाकिस्तान भेज रहे थे। ये जानकारी पाकिस्तान के एक अधिकारी को भेजी जा रही थी, जो दिल्ली में पाक हाई कमीशन में तैनात है। इन आरोपियों को ऑनलाइन पेमेंट मिल रहा था। वे पैसों के बदले भारतीय सेना की गतिविधियों की जानकारी पाकिस्तान भेजते थे।

जब पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली तो एक व्यक्ति को पहले पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में दूसरे व्यक्ति का नाम बताया और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं और मामला दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस भविष्य में भी देश और राज्य की सुरक्षा के लिए इसी तरह काम करती रहेगी।

### मई में अब तक 14,167 करोड़ रुपए का निवेश

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेशी निवेशक कर रहे खरीदारी

● मुंबई, ईएमएस

विदेशी निवेशकों ने मई में अब तक 14,167 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारत पाकिस्तान तनाव के बावजूद विदेशी निवेशकों भारतीय बाजार में लगातार खरीदारी कर रहे हैं। इससे पहले अप्रैल में 4,223 करोड़ रुपए की खरीदारी के साथ विदेशी निवेशक 2025 में पहली बार नेट बायर्स बने थे।



वहीं साल के शुरूआती तीन महीनों में विदेशी निवेशकों ने 1.4 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। विदेशी निवेशकों ने पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 78,027 और 34,574 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। मार्च में 3,973 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई थी। वहीं अप्रैल के दो कारोबारी हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने 25,897 करोड़ रुपए की खरीदारी का रिकॉर्ड बनाया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप की नई टैरिफ नीति से बाजार में अनिश्चिता, वैश्विक मंदी, भारतीय शेयरों की हाई वैल्यूएशन और कॉरपोरेट इनकम में ग्रोथ को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकोंलगातार पैसे निकाल रहे थे। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को विदेशी निवेशकोंनेट सेलर्स बने रहे। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स नेट बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, 9 मई को विदेशी निवेशकोंने 3,798.71 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे, जबकि डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 7,277.74 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। ट्रेडिंग सेशन के दौरान, डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टस ने 15,547.15 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 8,269.41 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं विदेशी निवेशकोंने 11,482.61 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,281.32 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

#### टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद शुरू हुई खरीदारी

यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प की 90 दिनों की अस्थायी टैरिफ राहत से भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। इन फैसलों के चलते विदेशी निवेशकों ने पिछले 2 कारोबारी हफ्तों में 25,897 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, 2025 के शुरूआती महीनों में भारत में हाई वैल्यूएशन की वजह से विदेशी निवेशकों बिकवाली कर रहे थे। वे अपना पैसा चीन के शेयरों में लगा रहे थे, जहां वैल्यूएशन कम है। इतना ही नहीं विदेशी निवेशकों फाइनेंशियल सर्विसेज में बड़े पैमाने पर बिकवाली कर रहे हैं, जबकि यह सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसकी वैल्यूएशन आकर्षक है।

### भारत को आसान जीत की उम्मीद थी : आसिफ

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के सामने भारत की आक्रामक रणनीति पूरी तरह से फेल हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने कहा कि भारत को आसान जीत की उम्मीद थी लेकिन सैन्य और कूटनीतिक मोर्चे पर उसकी पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि भारतीय अहंकार का मिथक हवा में उड़ गया।



### विक्रम गायकवाड़ ने दुनिया को कहा अलविदा

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड की हिट फिल्मों में काम कर चुके सीनियर मेकअप आर्टिस्ट विक्रम गायकवाड़ का शनिवार को निधन हो गया। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके विक्रम पिछले दिनों से ब्लड प्रेशर की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती थे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान समेत कई एक्टर्स ने विक्रम गायकवाड़ की मौत पर शोक जताया है।



## फटाफट खबरें

### भड़काऊ संदेश भेजने वाला हिरासत में

**मंगलुरु, ईएमएस।** कर्नाटक के मंगलुरु शहर में बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि 'मंगलुरु मुस्लिम युवासेना' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ और उकसाने वाले संदेश साझा किए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। हिरासत में लिया गया आरोपी विटला, दक्षिण कन्नड़ जिले का निवासी मोहम्मद अनस है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पुतिन ने शांति का रखा प्रस्ताव

**मॉस्को, ईएमएस।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रही जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन युद्ध में शांति का नया प्रस्ताव रखा है। विजय दिवस के समापन के बाद पुतिन ने कहा कि वह बिना किसी शर्त के तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में यूक्रेनी प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह बातचीत 15 मई को हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने कीव की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के कहने के बाद भी यूक्रेन बातचीत से पीछे हट गया था। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, रूस ने 2022 में वार्ता को नहीं तोड़ा था।

### भारत की फितरत युद्ध वाली नहीं

**नई दिल्ली, ईएमएस।** शनिवार को सीजफायर का उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान का साथ देने की चीनी प्रतिक्रिया पर भारत उसे खरी खरी सुना दी है। भारत के एनएसए डोवाल ने कहा कि भारत युद्ध वाली फितरत कभी नहीं रही। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद एनएसए अजीत डोवाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की है। बातचीत के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोवाल ने इस बात पर जोर दिया की पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकियों पर भारत की कार्रवाई अनिवार्य थी। हालांकि युद्ध भारत की पसंद नहीं है। डोवाल की बात पर यी ने भी इस बात पर सहमति जताई की चीन भी सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है।

### इमरान की मौत की अफवाह पर हड़कंप

**कराची, ईएमएस।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सोशल मीडिया पर उनके घायल होने के वीडियो तक वायरल होने लगे। घटना के दावे के बाद पूरा बवाल मच गया। वहीं पाकिस्तान की सरकार ने बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि जेल में बंद इमरान खान सुरक्षित हैं। इधर, इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर में मीडिया से बात करते हुए गंदापुर ने पीटीआई पार्टी के संस्थापक को मुस्लिम उम्मा (समुदाय) का नेता बताया और न्याय की उम्मीद जताई। उन्होंने देश में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति पर चिंता जताई।

### सीजफायर के बाद बॉर्डर पर हालात सामान्य, जम्मू-कश्मीर से गुजरात तक रही शांति

# सीजफायर के बावजूद पाक ने की थी नापाक हरकत

**भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीजफायर के बाद रविवार को बॉर्डर से लगे राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और गुजरात में हालात सामान्य नजर आए। सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में बगलिहार और सालार डैम के गेट खोल दिए। बता दें पाकिस्तान ने शनिवार को सीजफायर लागू होने के 3 घंटे बाद ही इसे तोड़ दिया था और सीमा से लगे इलाकों पर ड्रोन अटैक किया था जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था।**

● नई दिल्ली, ईमएस

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते के चंद घंटों बाद ही श्रीनगर में ड्रोन अटैक, अमृतसर में रेड अलर्ट, कच्छ में ब्लैकआउट और एक बार फिर सीमा पर गोलियों की गूंज सुनाई दी। जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, राजस्थान और गुजरात तक पाकिस्तान की ओर से उकसावे की कार्रवाई ने माहौल को फिर तनावपूर्ण बना दिया। बता दें कि शनिवार शाम पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कई सीमावर्ती क्षेत्रों अखनूर, राजौरी और आरएसपुरा सेक्टरों में फायरिंग की गई। पलनवाला सेक्टर में भी सीजफायर का उल्लंघन किया। सेना की त्वरित कार्रवाई के कारण किसी प्रकार की बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन सुरक्षा बलों को पूरी रात अलर्ट रहने को कहा गया है। इसके साथ ही पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों की भी सूचना मिली है। श्रीनगर और उधमपुर में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए, जिन पर भारतीय सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम सक्रिय कर दिया। ये सभी ड्रोन हमले नाकाम कर दिए गए। इन सबके बावजूद भारत ने चौकसी बरतते हुए सभी सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा है, और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की है। देश की सीमाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी।

सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब, राजस्थान और गुजरात तक इसका असर दिखा। उधमपुर, फिरोजपुर, श्रीनगर, पटियाला, फाजिल्का, होशियारपुर और राजौरी जैसे क्षेत्रों में एहतियातन ब्लैकआउट कर दिया गया। राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर और गंगानगर में भी प्रशासन ने ब्लैकआउट और अलर्ट जारी किया। रविवार को सभी राज्यों में हालात सामान्य रहे।

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, राजौरी, नौशेरा, श्रीनगर,उधमपुर और आसएस पुरा में शैलिंग और ड्रोन अटैक हुआ। वहीं शनिवार की रात स्थिति सामान्य रही। कोई फायरिंग या दुश्मन की आवाजाही नहीं देखी गई। नगरोटा में स्थित आर्मी बेस के आसपास संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि रविवार सुबह राज्य के सभी जगहों पर



स्थिति सामान्य नजर आई और कहीं से कोई फायरिंग और अन्य किसी तरह की घटना की खबर नहीं हैं।

**पंजाब :** पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हाई सिक्योरिटी जारी है। सीजफायर के बाद भी शनिवार शाम को पंजाब के कई इलाकों में ड्रोन देखे गए जिनमें गुरदासपुर, फिरोजपुर, पठानकोट, होशियारपुर और जालंधर शामिल है। अमृतसर में विशेष तौर पर रेड अलर्ट रखा गया था जिसे बाद में हटा दिया। अमृतसर में रविवार सुबह करीब 4.29 मिनट पर ब्लैकआउट की घोषणा की गई थी। लेकिन एक घंटे बाद बिजली की आपूर्ति कर दी गई। लोगों को घरों के अंदर रहने और खिड़कियों से दूर रहने को गया था। वहीं पठानकोट में भी अब हालात सामान्य हैं। गुरदासपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बेहरामपुर गांव के लोगों ने बताया कि वे युद्ध विराम की घोषणा से खुश हैं।

**राजस्थान:** राजस्थान की अंतरराष्ट्रीय सीमा और एयरस्पेस पर कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं देखी गई, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है। राजस्थान में सभी सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में सीमा पार से कोई एक्टिविटी नहीं देखी गई है। गुजरात के कच्छ और रण क्षेत्र सहित तटीय इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन निगरानी बढ़ा दी गई है। राज्य के द्वारका और कच्छ में शनिवार रात ब्लैक आउट का आदेश दिया गया, हालांकि बाद में इसे हटा दिया। राज्य मुख्यालय, गृह मंत्रालय और जिला प्रशासन ने पूरे रण और तट व हवाई क्षेत्र में एक समीक्षा बैठक की।

### सेना अब भी हाई अलर्ट पर, ऑपरेशन सिंदूर जारी...

## पाक से तनाव के बीच पीएम मोदी की उच्चस्तरीय बैठक, तीनों सेनाओं के प्रमुख रहे शामिल...



पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे अपने आवास पर एक अहम उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान तथा थल, जल और वायु सेना के प्रमुख मौजूद रहे। बैठक में देश की सुरक्षा स्थिति और सीमाओं पर मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। यह बैठक उस समय हुई जबकि शनिवार को हुए सीजफायर के चंद घंटों बाद ही पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें भी सामने आई थीं।

शनिवार को सीमा पार से गोलाबारी की घटनाएं सामने आई थीं, हालांकि रात में स्थिति शांत रही। यह अहम बैठक पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनावपूर्ण शांति के बीच हुई, जिसके बीच फिलहाल संघर्ष विराम के उल्लंघन की कोई नई घटना सामने नहीं आई है। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन का सख्त जवाब दिया जाएगा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों की गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए, उन पर प्रभावी कार्रवाई की है। श्रीनगर, गुजरात और राजस्थान के बाड़मेर क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों के बाद सतर्कता और कड़ी कर दी गई है। कई सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लैकआउट की स्थिति भी उत्पन्न हुई। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार रात प्रेस वार्ता में बताया कि भारत ने पाकिस्तान से इन उल्लंघनों को रोकने की अपील की है और सख्त लहजे में कहा है कि सशस्त्र बलों को पूरी छूट दी गई है कि वे किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या हमले का कड़ा जवाब दें। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी संघर्ष विराम को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है और कहा है कि पाकिस्तान क्षेत्रीय स्थिरता, शांति और समृद्धि के पक्ष में है। हालांकि, भारत ने साफ किया है कि आतंकवाद और सीमा उल्लंघन के खिलाफ उसकी नीति स्पष्ट और अडिग है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए की थी।

### सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाला

कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब को 'बुद्धिमत्तापूर्ण और संतुलित' बताया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज हुई थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। चिदंबरम ने एक समाचार पत्र के कॉलम में इस कार्रवाई को पीएम मोदी का समझदारी भरा कदम बताया, क्योंकि इससे भारत ने पूर्ण युद्ध की स्थिति को टालते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 2022 में रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहे गए शब्द- 'यह युद्ध का युग नहीं हैं' आज भी दुनिया को याद हैं।

### ऑपरेशन अभी जारी है भारतीय वायुसेना ने एक्स पर दी जानकारी

सीजफायर के बीच भारतीय वायुसेना का बड़ा बयान सामने आया है। इंडियन एयरफोर्स का कहना है कि ऑपरेशन अभी-भी जारी है। आने वाले वक्त में इसको लेकर जानकारी दी जाएगी। वायुसेना ने ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी है। भारतीय वायुसेना ने एक्स पर ऑपरेशन जारी रखने की जानकारी देते हुए लिखा- भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने निर्धारित कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ अंजाम दिया है। ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से चलाया गया। ऑपरेशन अभी-भी जारी है, इसलिए सही वक्त पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। भारतीय वायुसेना ने सभी अटकलें लगाने और अनवेरीफाइड जानकारी प्रसारित करने से बचने की अपील की है।

## पाकिस्तानी हमले में शहीद का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**झुंझुनूं, ईएमएस।** पाकिस्तानी हमले में शहीद झुंझुनूं के एयरफोर्स जवान का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। एयरफोर्स में असिस्टेंट मेडिकल सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शनिवार सुबह उधमपुर एयरपोर्ट पर शहीद हो गए थे। परिवार ने बताया कि इस हमले में तीन और जवान के घायल होने की जानकारी उन्हें दी गई थी। शहीद सुरेंद्र की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी वृत्तिका ने रोते हुए कहा- पापा ने देश के लिए अच्छा काम किया है। शहीद जवान सुरेंद्र कुमार को तिरंगे में दोपहर 12 बजे मंडावा से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जयपुर से आई सैन्य टुकड़ी भी इसमें शामिल थी। भारत माता की जय और सुरेंद्र कुमार अमर रहे के नारे पूरी यात्रा में लगते रहे। यहां से उनके गांव मेहरादासी तक करीब 9 किलोमीटर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई इसके बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सुबह करीब 11.15 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग के जरिए उनकी पार्थिव देह को मंडावा लाया गया था। शहीद की तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गाने बज रहे थे। जिले भर से शामिल युवाओं ने बाइक रैली भी निकाली। करीब नौ किलोमीटर निकलने वाली इस यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। झुंझुनूं के मंडावा से शहीद सुरेंद्र कुमार मोगा की तिरंगा यात्रा पैतृक गांव मेहरादासी के लिए रवाना हुई। इस दौरान जयपुर से पहुंची सैन्य टुकड़ी के साथ पार्थिव देह को रवाना किया।

## यूनुस सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर लगाया बैन

**पार्टी ने किया विरोध फैसले को दमनकारी और अलोकतांत्रिक बताया**

**ढाका, ईएमएस।** बांग्लादेश की अंतिरम सरकार ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर बैन लगा दिया है। यह फैसला आतंकवाद विरोधी कानून के तहत लिया गया है। अवामी लीग ने इस बैन का विरोध करते हुए कहा कि यह दमनकारी और अलोकतांत्रिक फैसला है।



यूनुस सरकार ने कहा है कि आतंकवाद विरोधी कानून के तहत आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसकी आधिकारिक सूचना अगले कार्यदिवस पर जारी की जाएगी। यह बैन तब तक जारी रहेगा जब तक आवामी लीग के नेताओं के खिलाफ इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल में मुकदमे पूरे नहीं हो जाते। मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। साथ ही इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल (आईसीटी) कानून में संशोधन किया गया, जिसके तहत किसी भी राजनीतिक दल, उसके नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई। आवामी लीग ने पार्टी पर लगाए बैन का विरोध किया है। आवामी लीग ने कहा है कि यूनुस सरकार का यह फैसला बांग्लादेश को तानाशाही दिशा में ले जा रहा है। आवामी लीग ने अंतरराष्ट्रीय समुदायों और मानवाधिकार संगठनों से अपील की है कि वे इस अलोकतांत्रिक फैसले की निंदा करें। साथ ही लोगों से एकजुटता दिखाने को कहा है। आवामी लीग ने कहा कि बैन लगाकर बांग्लादेश की पहचान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास का काला दिन है।

आवामी लीग बांग्लादेश की सबसे पुरानी पार्टी है। 1971 में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। 2024 में हुए आंदोलन के बाद शेख हसीना को भारत में शरण लेना पड़ी और वहां मुहम्मद यूनुस ने सरकार बना ली।

## ईरान के विदेश मंत्री को सूअर की औलाद बताने से नाराज ईरान

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पूर्व सेना अधिकारी मेजर गौरव आर्या द्वारा ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची को लेकर की गई विवादास्पद टिप्पणी से भारत और ईरान के बीच एक छोटी लेकिन तीव्र राजनयिक खलबली मच गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में आर्या ने अराकची को सूअर की औलाद कहा। इसके बाद ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई। मेजर आर्या ने यह टिप्पणी उस समय की जब वे अराकची द्वारा भारत से पहले पाकिस्तान की यात्रा करने पर नाराजगी जाहिर कर रहे थे।

बता दें कि मेजर गौरव आर्या भारतीय मीडिया में एक जानी-मानी हस्ती हैं। उनके एक्स अकाउंट पर 20 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भी उन्हें फॉलो करते हैं। उनका यूट्यूब शो चाणक्य डायलॉग के पास 40 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वीडियो क्लिप के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारत स्थित ईरानी दूतावास ने एक कड़ा बयान जारी किया। उन्होंने लिखा, ÷ईरानी संस्कृति में मेहमानों के प्रति सम्मान एक पुरानी परंपरा है। हम ईरानी अपने मेहमानों को ईश्वर का प्रिय मानते हैं। आपके यहां मेहमानों के लिए क्या सोच है?इस घटनाक्रम के बाद भारत सरकार ने भी तत्काल प्रतिक्रिया दी। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने अपने बयान में कहा, वीडियो में दिख रहे व्यक्ति एक भारतीय नागरिक है। उनके विचार भारत सरकार की आधिकारिक राय नहीं है।

### पाकिस्तान की खुली झूठ की पोल...

## पाक ने पुलवामा हमला करवाना किया कबूल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर तो हो गया, लेकिन भारत की शर्तों पर। पाकिस्तान अपनी हार छिपाने बड़ी-बड़ी डींगे हांक रहा है। पाकिस्तानी सेना ने प्रेस कॉफ्रेंस में झूठ बोला। हालांकि इस झूठ के बखान में उसकी पोल भी खुल गई। पाकिस्तानी सेना के बड़े अफसर ने कैमरे के सामने कबूल किया कि पुलवामा आतंकी हमला उसने करवाया था।

बता दें पाकिस्तान हमेशा पुलवामा आतंकी हमले में अपनी भूमिका से इनकार करता रहा है। पाकिस्तानी सेना का यह बयान अब सोशल मीडिया पर उनकी ही सरकार की किरकिरी कर रहा है। 2019 के पुलवामा आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान ने पहली बार सार्वजनिक मंच से अपनी भूमिका को स्वीकार किया है।



टोरंटो में फूलों के बाजार में लोग अलग-अलग प्रकार के फूल देखते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## दिल्ली में विमानों का परिचालन सामान्य बदलते परिदृश्य से कुछ उड़ानों पर असर



**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली एयरपोर्ट पर रविवार को विमानों का परिचालन सामान्य नजर आया, लेकिन हवाई क्षेत्र के बदलते परिदृश्य के चलते कुछ उड़ानों पर असर पड़ सकता है और सुरक्षा बढ़ाए जाने से सुरक्षा जांच प्रक्रिया में पहले से ज्यादा समय लग सकता है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट में एयरपोर्ट के अधिकारियों ने दी।

उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई थी, जो अभी भी लागू है। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को जमीन, हवा और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलेबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि दिल्ली अड्डे पर विमानों का परिचालन सामान्य रूप से जारी है। हालांकि, हवाई क्षेत्र के बदलते परिदृश्य और सुरक्षा बढ़ाये जाने के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं और सुरक्षा जांच में पहले की तुलना में ज्यादा समय लग सकता है। डीआईएएल दिल्ली में स्थित देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करता है। डीआईएएल ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा जांच के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें और सुचारू सुविधा के लिए विमानन कंपनी और सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करें।

## भारत से बातचीत हुई तो कश्मीर, सिंधु जल संधि और आतंकवाद मुद्दे होंगे शामिल

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो चुका है, अब दोनों देशों ने राहत की सांस ली। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रविवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि भविष्य में भारत के साथ बातचीत होती है, तो कश्मीर, सिंधु जल संधि और आतंकवाद जैसे बड़े मुद्दे उस चर्चा का हिस्सा हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा कि ये तीन अहम मुद्दे हैं जिन पर चर्चा हो सकती है। हम सीजफायर पर कायम रहेंगे। उनका इशारा भारत के साथ लंबे समय से चली आ रही विवादित विषयों की ओर था, जिन पर पहले भी कई बार बातचीत हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। यह बयान उस वक्त आया है जब भारत और पाकिस्तान ने जमीन, हवा और समुद्र में सभी सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने का समझौता किया है। हालांकि पाकिस्तान ने इसे सीजफायर समझौता बताया, वहीं भारत ने इसे केवल ÷आपसी समझ÷ करार दिया है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर यह सीजफायर स्थायी शांति की दिशा में पहला कदम साबित होता है, तो इसे सकारात्मक संकेत माना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी कुछ भी कह पाना जल्दबाज़ी होगी। बता दें पिछले सप्ताह दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी लॉन्चपैड्स पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए हमले किए, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। आसिफ ने उम्मीद जताई कि समय के साथ शांति की संभावनाएं बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि भारत और खासकर उसकी नेतृत्वकारी राजनीति एक दिन पूरे दक्षिण एशिया के भविष्य को अपने दलगत हितों से ऊपर रखेगी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने उन देशों की भी तारीफ की, जिन्होंने मौजूदा संकट में कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने में मदद की।

### हमने पहलगाम हमले की जांच की पेशकश की थी, भारत ने गलत रास्ता अपनाया

## पाक पीएम शहबाज ने बोला झूठ, सीजफायर कराने पर ट्रंप को कहा थैंक्स

● इस्लामाबाद, ईमएस

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने शनिवार रात फिर झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया भी अदा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया।



भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन से जारी जंग के बाद शनिवार को सीजफायर का ऐलान हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि दोनों देशों के बीच सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं। वही शहबाज ने कहा कि मैं असीम मुनीर पाकिस्तान आर्मी चीफ समेत सभी अफसरों को सलाम पेश करता हूं। हमें आप पर नाज है। हम इस जंग को अंजाम तक पहुंचाकर दम लेंगे। पाकिस्तान की इज्जत के लिए फौज और अवाम दोनों काबिल हैं। हम लश्कर बनकर दुश्मन का मुकाबला करेंगे और दुश्मन को शिकस्त देंगे। हम आपके जज्बे को सलाम पेश करते हैं, क्योंकि आप सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत बेशक 100 फीसदी एकतरफा फैसले कर ले मगर उससे हकीकत नहीं बदलेगी। दहशतगर्दी से सबसे ज्यादा परेशान हम हैं। हमने दहशतगर्दी के खिलाफ जंग में 90 हजार लोगों को गंवाया। 152 अरब डॉलर का नुकसान बर्दाश्त किया है।

पहलगाम हमले की आड़ में पाकिस्तान पर हमला बेबुनियाद है। अमन पसंद मुल्क के तौर पर पाकिस्तान ने पहलगाम वाकये की जांच की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने कानून न मानते हुए गलत रास्ता अख्तियार किया। जम्मू-कश्मीर एक मुसलमा तनाजा था, है और उस वक्त तक रहेगा, जब तक कश्मीरी भाइयों को उनका हक नहीं मिल जाता। दुश्मनों ने निहत्थे लोगों पर हमला कर खुद को ताकतवर समझा, लेकिन पाकिस्तान मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। हम अपनी सेना की दिलेरी को सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत को जवाब दिया है। पाकिस्तानी वायु सेना ने अपने सरहद के अंदर रहते हुए दुश्मनों के जहाजों के परखच्चे उड़ा दिए। शहबाज शरीफ ने फिर झूठ बोला कि हमारी सेना ने दुश्मन को ऐसा घाव दिया है जो कभी भर नहीं पाएगा। भारत के बुजदिलाना हमले में पाकिस्तान के 26 मासूम शहीद हुए हैं। इनमें बच्चे और औरते शामिल हैं।

### बीकॉम छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल(ईएमएस)।** गांधी इलाके में स्थित नयापुरा में एक बीकॉम छात्रा द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। घटना के समय युवती के पिता अस्पताल में भर्ती थे। शुरुआती जॉच में पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। पुलिस के अनुसार न्यू सेंट्रल जेल के सामने नयापुरा में रहने वाली रिया पुत्री सुब्रमणयम द्रविड़ (21) गीतांजली कॉलेज से बीकॉम सेंकड ईयर की पढ़ाई कर रही थी।

### महिला किराएदार ने किया एनआरआई के घर पर कब्जा, केस दर्ज

**भोपाल(ईएमएस)।** दुबई में रहने वाले एक एनआरआई के घर में किराएदार महिला ने फर्जी एग्रीमेंट बनाकर कब्जा कर लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी किराएदार के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गांधी नगर में रहने वाले शादाब खान (72) इन दिनों परिवार के साथ दुबई में रहते हैं। गांधी नगर में उनका मकान बेटी के नाम पर है।

## फटाफट खबरें

### दुष्कर्म पीड़िता किशोरी आत्महत्या मामला

**भोपाल(ईएमएस)।** रातीबड़ थाना इलाके में रहने वाली दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग किशोरी द्वारा 8 मई को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने के मामले में पुलिस कारणो की जॉच कर रही है। सूत्रो के मुताबिक पुलिस की पड़ताल में यह बिंदु भी शामिल है की किशोरी ने दुष्कर्म की घटना से मानसिक तनाव में आकर यह कदम उठाया है, या फिर इसे लेकर कोई उसे मानसिक रुप से तो प्रताड़ित नहीं कर रहा था। जॉच टीम का कहना है की परिवार वालो के डिटेल बयान और छानबीन पूरी होने के बाद ही आगे की कार्यवाही की दिशा तय की जायेगी। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने बुधवार को परिवार के साथ खाना-खाने के बाद सोने का कहकर अपने कमरे में चली गई थी। रात के बाद अलसुबह करीब पॉच बजे मां ने नींद खुलने पर देखा तो उसे बेटी कमरे में नजर नहीं आई। मां जब दूसरे कमरे में पहुंची उन्हें बेटी का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।

### किसान की करंट लगने से मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** देहात के बैरसिया थाना क्षेत्र में खेत पर पानी देने गये एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई है। बताया गया है की यह करंट फसल बचाने के लिए फेंसिंग करके बिछाया गया था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही रही है। जॉच में लापरवाही सामने आने पर संबधित के खिलाफ लापरवाही से मौत होने का प्रकरण दर्ज किया जायेगा। थाना पुलिस के अनुसार जमूसर कला के पास ग्राम देवलखेड़ा में रहने वाला संतोष शाक्य पिता लक्ष्मण शाक्य (34) पेशे से खेती किसानी करता था। उसकी खेती की जमीन निर्माणाधीन डैम के नजदीक हैं। इन दिनो ने उसने खेत में मूंग की फसल लगाई है। बताया गया है, कि 9 मई की अलसुबह करीब छह बजे संतोष खेत पर पानी देने गया था, इसके बाद काफी देर तक वापस घर नहीं लौटा। बाद में उसके पिता लक्ष्मण सिंह शाक्य उसे देखने के लिये खेत पर पहुंचे। तो वहां देखा की उनके बेटे की करंट लगने से मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपं दिया है।

### अस्पताल कर्मचारी की कार चोरी

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के कोतवाली थाना इलाके से बैखौफ वाहन चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाके से जेपी अस्पताल के कर्मचारी की कार चोरी कर ली। फरियादी शराब दुकान के सामने अपनी कार खड़ी कर घर गए थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी कर गायब हो चुकी थी। थी मेरी जानकारी के मुताबिक फरियादी सफदर अली ने बताया की वह जेपी अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी करते हैं। शुक्रवार 9 मई की रात करीब 10:30 बजे उन्होंने अपनी सेंट्रो कार नंबर एमपी 04 सीजी 3507 इमामी गेट स्थित शराब की दुकान के सामने खड़ी कर घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे जब वह वापस पहुंचे तो देखा तो उनकी कार चोरी हो चुकी थी।


### ट्रायबल विभाग के ढाई लाख शिक्षकों के लिए नई व्यवस्था

# 3.0 पोर्टल के माध्यम से लगेगी शिक्षकों की ई-अटेंडेंस

**भोपाल, ईएमएस।**

प्रदेश में 15 जून से शिक्षा का सत्र री-ओपन होगा। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने नई पहल की है, जिससे सरकारी स्कूलों से शिक्षक गायब नहीं रह पाएंगे। इसके लिए प्रदेश के करीब चार लाख शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। यह एप शिक्षकों की लोकेशन दर्ज करेगा साथ ही आनलाइन चेहरा दिखाई देने पर ही उपस्थिति लगेगी। वहीं दूसरी तरफ ट्रायबल विभाग अपनी आश्रम शालाओं में जिन ढाई लाख शिक्षकों से बच्चों का अध्यापन करवाता है, उनकी ई-अटेंडेंस 3.0 पोर्टल के माध्यम से लगेगी।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में ढाई लाख शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस पूर्व से संचालित एम शिक्षा मित्र पर यह उपस्थिति लागाने की तैयारियां हुई थीं। अब डिपार्टमेंट ने नवीन सिस्टम तैयार किया है। इधर जिस ट्रायबल विभाग अपनी आश्रम शालाओं में ढाई लाख टीचरों से बच्चों का अध्यापन करवाता है। वहां पर अभी कोई तैयारियां नहीं हैं। प्रदेश में 15 जून से शिक्षा का सत्र री-ओपन हो रहा है। इसी दिन से स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन काम करने वाले हर शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति होगी। जब यह मसौदा तैयार किया गया था। तब कहा गया था कि पूर्व से संचालित एम शिक्षा मित्र पर टीचरों की ऑनलाइन अटेंडेंस लगाई जाएगी। अब विभाग ने निर्णय बदला है। विद्यालयों के समस्त रिकार्ड को संग्रहित करने के लिए विभाग ने जिस नवीन 3.0 पोर्टल को लांच किया है। उसी के माध्यम से शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगवाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए एक्सपर्ट की टीम काम कर रही है। यह काम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसे समय सीमा में कर लिया जाएगा। कमिश्नर लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता का कहना है कि हम 15 जून से राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस लगवाएंगे। इस विषय में तेजी से काम चल रहा है।



### शिक्षकों की होगी पूरी मॉनीटरिंग

विभाग में अधिकारियों का मानना है कि ऑनलाइन अटेंडेंस लगेगी तो पूरा डिटेल रहेगा कि शिक्षक कितने बजे विद्यालयों में पहुंचा है। शिक्षकों की स्कूलों में समय पर मौजूदगी होगी तो बच्चों के शैक्षणिक कार्यों में भी गुणात्मक विकास होगा। अब जिला शिक्षा अधिकारियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अभी तक जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण करते रहे। अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही के लिए विभाग को जानकारी दी जाती रही। इससे डिपार्टमेंट में भी चिंताएं बढ़ती रही है। अब सिस्टम ऐसा तैयार हो रहा है कि शिक्षक को स्कूल में निर्धारित समय अनुसार ड्यूटी करना होगी।

### ट्रायबल में आनलाइन प्रक्रिया का चल रहा काम

शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति स्कूल शिक्षा विभाग के 3.0 से लिंक होगी, या फिर ट्रायबल डिपार्टमेंट अलग पोर्टल तैयार करेगा। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि ट्रायबल में भी एक ही तिथि से शिक्षकों की उपस्थिति आनलाइन होगी। वहां भी काम चल रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग 15 जून से प्रदेश में ऑनलाइन अटेंडेंस तो शुरू करने जा रहा है, लेकिन शिक्षकों ने ही इस प्रक्रिया में अनेक तकनीक अड़चने बताई है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल का कहना है कि विभाग आये दिन शिक्षकों को पढ़ाई की बजाय गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाता है। अब जब शिक्षक दूसरे काम करेगा तो वह कैसे समय पर स्कूलों में पहुंच पाएगा। रस्थ ग्रामीण अंचलों में अनेक ऐसे क्षेत्र है, जहां इंटरनेट की दिक्कत है। विभाग को इन समस्याओं का समाधान पहले करना होगा। राज्य में 20 हजार ऐसे शिक्षक है, जो पिछले कई सालों से स्कूलों में नहीं पहुंच पाये है। विभाग की रिपोर्ट अनुसार मतदाता सूची में कार्य के नाम पर अनेक शिक्षक, कलेक्टर, जिला पंचायतों और तहसील कार्यालयों में पिछले पांच साल से बाबूगिरी कर रहे है।

# 83 लाख उपभोक्ताओं का ई-केवायसी बाकी

### फ्री खाद्यान्न योजना के लिए 20 दिन शेष

**भोपाल, ईएमएस।**

खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रतिमाह दिए जाने वाले निश्शुल्क खाद्यान्न का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले, इसके लिए ई-केवायसी करवाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में अभी तक 15 लाख ऐसे हितग्राही चिह्नित किए गए हैं, जिनका या तो निधन हो गया है या फिर वे चार माह से खाद्यान्न लेने नहीं आए। इन सभी के नाम पात्रता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी 83 लाख हितग्राहियों का ई-केवायसी होना बाकी है। इनमें भी तीन से चार लाख ऐसे हितग्राही हो सकते हैं, जिनका नाम दो जगह दर्ज है, उनका निधन हो चुका है या फिर खाद्यान्न लेने ही नहीं आ रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों का नाम सूची से काटकर नए नाम जोड़े जाएंगे। खाद्य सुरक्षा कानून के प्रविधान के अंतर्गत मध्य प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 5.46 करोड़ हितग्राही हो सकते हैं। यह संख्या साढ़े पांच करोड़ को पार कर गई थी। जांच कर कुछ नाम छांटे गए फिर भी अपात्रों को राशन मिलने की शिकायतें आ रही थीं। इसे देखते हुए सरकार ने ई-केवायसी की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसमें एक-एक हितग्राही की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार आधारित बायोमैट्रिक सत्यापन कराया जा रहा है। प्रदेश में अभी तक 84 प्रतिशत ई-केवायसी का काम हो चुका है। सर्वाधिक 92 प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी इंदौर में हुआ है, जबकि सबसे कम 75 प्रतिशत भिंड जिले का रहा है। बालाघाट में 90, भोपाल 85, उज्जैन 83 जबलपुर 81 प्रतिशत हितग्राहियों का ई-केवायसी किए जा चुका है। टीकमगढ़, शिवपुरी, आलीराजपुर, अशोक नगर जिले में 80 प्रतिशत से कम काम हुआ है।



### समग्र के डाटा से हटते हैं नाम

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब भी किसी हितग्राही परिवार के किसी सदस्य का निधन होता है या फिर विवाह कर लडक़ी ससुराल चली जाती है तो उसका नाम हटाना होता है। इसकी जानकारी स्थानीय निकायों द्वारा संग्रहित कर समग्र पोर्टल पर दर्ज कराई जाती है। वहां से खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को प्रतिमाह डाटा मिलता है, जिसके आधार पर नाम हटाए जाते हैं।


# पोस्टकार्ड आंदोलन के तहत एक सप्ताह में भेज 5000 पोस्टकार्ड

**भोपाल, ईएमएस।**

मप्र कर्मचारी मंच ने प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने केआदेश शासन से प्रसारित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड आंदोलन के तहत एक सप्ताह में 5000 पोस्टकार्ड प्रदेश के विभिन्न जिलों से भेज दिए है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले 9 साल से मप्र के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस कारण पिछले 9 साल में डेढ़ लाख कर्मचारी बिना पदोन्नति के लाभ के सेवानिवृत हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने माह अप्रैल में घोषणा करी थी कि शीघ्र ही पदोन्नति का लाभ देने के आदेश प्रसारित किए जाएंगे, लेकिन एक माह का समय निकल गया और सरकार ने पदोन्नति का लाभ कर्मचारियों को देने के आदेश प्रसारित नहीं किए हैं। इस कारण प्रदेश के साढे सात लाख कर्मचारियों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ न देने के आदेश सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट एवं सामान्य प्रशासन विभाग ने भी जारी नहीं किए हैं। फिर भी 9 साल से अघोषित रूप से पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगी है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के 55 जिलों से मुख्यमंत्री के नाम पदोन्नति का लाभ प्रदेश के कर्मचारियों को देने के आदेश प्रसारित करने की मांग का लिखा हुआ पोस्टकार्ड लिखना 3 मई शुरू कर किया था। पोस्टकार्ड आंदोलन के तहत एक सप्ताह में मुख्यमंत्री के नाम 5000 पोस्टकार्ड कर्मचारियों ने कर्मचारी मंच के नेतृत्व में भेज दिए। यह अभियान 30 मई 2025 तब चलाया जाएगा। पोस्टकार्ड आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री के नाम 1 लाख पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे।

# निर्णय लैने की क्षमता का अभाव से व्यक्तितमतमा उठता है


### दूसरे के कार्यो और बचनों को अपने मानडंडों से नापने की कोशिश मत करो



**भोपाल (ईएमएस)।** जब कभी हम किसी से कोई अपेक्षा रखते हे,और वह हमारी अपेक्षा में खरा नहीं उतरता,तो हम उसके प्रति क्रोधित एवं असहजत हो जाते है और हमारे अंदर आक्रोश प्रकट हो, मुख पर कठोरता बाणी में तीक्ष्णता आ जाती है, जो हमारी बुद्धि और विवेक को लील कर विदग्ध कर देती है। कठोर कर्कश बाणी और चहरा तमतमाया दिखता है÷ उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने अवधपुरी में रविवारीय प्रवचन सभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनि श्री के प्रवचन पारस एवं जिनवाणी चैनल तथा प्रमाणिक एप के माध्यम से भी सुनकर लाभ उठा सकते है। मुनि श्री ने ÷आक्रोश÷ के लक्षणो की चर्चा करते हुये कहा ÷जिस व्यक्ती के अंदर निर्णय लैने की क्षमता का अभाव होता है वह व्यक्ति छोटी छोटी बातों से तमतमा उठता है, तथा क्रोध आक्रोश, आवेश में आत्म नियंत्रण से बाहर होकर सामने बाले की इंसल्ट करता है। स्वयं आग बबूला होकर उसका चेहरा क्रोध से तमतमा उठता है ऐसे आपे से बाहर व्यक्ती को आप लोग ÷पागल÷ कहते हो। मुनि श्री ने कहा कि क्रोध और आक्रोश तात्कालिक भी हो सकता है तथा किसी समय का संचित द्वैष का परिणाम भी हो सकता है। जैसे आपने किसी से कोई काम का कहा और वह उसे पूर्ण न कर पाये तो आपका मन उसके प्रति खींज उठता है। अथबा किसी से कोई अतिरिक्त अपेक्षा पाल लैना और उसकी पूर्ति न होंने पर क्षोभ उत्पन्न होता है। तो ऐसी स्थिति में थोड़ा रूकिये उसके पूर्वा पर विचार करें उतावली न करें। यदि किसी के प्रति अहंकार और अधिकार की भावना होती है,तो उसकी पूर्ति न होंने पर बहूत छोटी छोटी बातों से मन का आक्रोश फूट पड़ता है। मुनि श्री ने कहा कि दूसरे के कार्यो और बचनों को अपने मानडंडों से नापने की कोशिश मत करो ÷एक क्षण का आक्रोश जिंदगी भर के सम्वंधों को तोड़ देता है÷। उन्होंने क्रोध और आक्रोश के निवारण का उपाय बताते हुये कहा अपने अंदर सहजता और मन को शांत और वाणी से मौन धारण कर लोगे तो आपके अंदर का सारा आक्रोश और क्रोध थोड़ी देर में समाप्त हो जाएेगा। सामने वाला यदि क्रोध कर रहा है तथा आक्रोश में है तो उसके दृष्टिकोण को समझिये तथा त्वरित प्रतिक्रिया देंने से बचें एवं अपनी सोच को सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगे तो आपका क्रोध समाप्त हो जाऐगा। मान लीजिये कोई व्यक्ति आपका धन नहीं दे रहा है। तो आप उससे ठंडे मन से जितना प्रयास करेंगे उतना अच्छा रहेगा। घर में आपकी पत्नी ने यदि किसी दिन अच्छा भोजन नहीं बनाया तो आप भड़खें नहीं वल्कि सकारात्मकता से महोल को अच्छा बनायेंगे तो समस्त नकारात्मकता समाप्त हो जाऐगी।

# पिकनिक मनाने गये आयुर्वेद चिकित्सालय के छात्र की डूबने से मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के कमला नगर थाना इलाके में प्रेमपुरा घाट के पास भदभदा डेम पर पिकनिक मनाने गये पंडित खुशीलाल आयुर्वेद चिकित्सालय में इंटर्न कर रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गई है। मृतक तालाब में नहाने उतरा था, इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। गोताखोरों ने काफी मशक्क्त के बाद छात्र का शव तालाब से निकाला जिसे पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस के अनुसार मूल रुप से भिंड जिले का रहने वाला विवेक शर्मा पिता छोटेलाल शर्मा (31) बीएएमएस की पढ़ाई के बाद पंडित खुशीलाल आयुर्वेदिक महाविद्यालय) में इंटर्नशिप कर रहा था। विवेक अपने दोस्तो के साथ वन विहार के पास तालाब किनारे पार्टी करने गया था। मौज-मस्ती के दौरान वह तालाब में नहाने उतर गया और अचानक गहरे पानी में जाने के बाद बाहर नहीं आया। उसके साथ गये दोस्त धीरज चौधरी ने इसकी खबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निगम के गोताखोरो और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाकर तालाब में उसकी सर्चिंग कराई, लेकिन कई घंटो की सर्चिंग के बाद भी जब वह नहीं मिला तब अंधेरा होने पर सर्चिंग बंद कर दी गई। 24 घंटे बाद अगले दिन देर शाम को विवेक का शव पानी में नजर आने पर बाहन निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। हादसे की खबर मिलने पर छात्र के परिजन भिंड से भोपाल आ गए थे, रविवार को परिजनों की मौजूदगी में शव का पीएम कराने के बाद उसे परिवार वालो को सौपं दिया गया। पुलिस को उसके दोस्तो ने बताया की उसे गहरे पानी में उतरने से मना किया था, लेकिन वह नहीं माना और नहाने के लिये चला गया।



### 15 को भगवान का पार्श्वनाथ का विषेश अभिषेक

**भोपाल (ईएमएस)।** श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर बेड़ागढ़ कला में मूल नायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक विशेष पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया जिनालय में 15 मई को स्थापना दिवस के अवसर पर शोभित भैया के निर्देशन में विशेष अनुष्ठान होंगे। आज समाज के लोगों ने अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना कर देश की आन बान शान की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों और उनके परिवार के सुखद स्वस्थ जीवन की विशेष प्रार्थना की। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल जैन, राजेश जैन, मनोज जैन, विनीत जैन, संदीप अजमेरा, रिंकी, जया, सपना, माणिकला, गहना, रानी, दृष्टि, कनिका जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# भोपाल मंडल के निशातपुरा में पहली बार शुरू हुई नई सिग्नल प्रणाली

### ऑप्टिकल फाइबर से मिलेगा सीधा कंट्रोल

**भोपाल, ईएमएस।**

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेल सिग्नल प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। गौरतलब है कि भारतीय रेल में पहली बार, भोपाल मंडल के निशातपुरा यार्ड में ऐसी तकनीक शुरू की गई है, जिसमें सिग्नल ऑपरेशन अब तारों की बजाय ऑप्टिकल फाइबर के जरिए किया जाएगा।

इस नई प्रणाली में सिग्नल पोस्ट पर लैम्प आउटपुट मॉड्यूल नामक उपकरण लगाया गया है, जो सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए जुड़ा होता है। अब सिग्नल को ऑपरेट करने के लिए भारी वायरिंग की ज़रूरत नहीं होगी। हर सिग्नल को अब तेज़, सुरक्षित और रियल-टाइम कंट्रोल मिलेगा, जिससे संचालन अधिक विश्वसनीय होगा। सिग्नल कभी ब्लैंक नहीं होंगे, यानी अगर एक सिग्नल गड़बड़ करे तो भी ट्रेन को सिग्नल का आस्पेक्ट दिखाई देगा। ट्रेनें ज्यादा सुरक्षित और समय पर चलेंगी। सिस्टम के साथ स्वचालित पंखा भी जुड़ा है जो जरूरत पडने़ पर खुद चालू होकर मशीन को गर्म होने से बचाता है। अगर एक लाइन खराब हो जाए तो दूसरी फाइबर लाइन से काम चलता रहेगा - यानी सिस्टम कभी नहीं रुकेगा। सिग्नल का रख-रखाव आसान और कम खर्चीला होगा।




### इस बार 6 दिन पहले आने की उम्मीद; भोपाल-इंदौर में 150 प्रतिशत तक गिरेगा पानी

# मप्र में मानसून की एंट्री 15-16 जून तक

**भोपाल, ईएमएस।**

भोपाल में इस बार मानसून की एंट्री 15-16 जून तक हो सकती है। अनुमान के मुताबिक, यह पूर्वी हिस्से से एंटर होगा। यानी, मंडला, सिवनी, डिंडौरी, बालाघाट, अनूपपुर में सबसे ज्यादा बारिश होगी। एंट्री से अगले 5 दिन यानी, 20 जून तक मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। भोपाल और इंदौर में 150 प्रतिशत तक पानी गिरने की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग ने इस बार देश में मानसून की एंट्री 4 दिन पहले यानी, 27 मई तक होने का अनुमान लगाया है। इस हिसाब से 15 से 18 दिन में यह एमपी में एंटर हो जाएगा। प्रदेश में मानसून के आमद की सामान्य तारीख 15 जून है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से यह 18 जून के बाद ही प्रदेश में एंटर हो रहा है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, यदि देश में मानसून की आमद जल्दी होती है तो यह प्रदेश में भी समय पर आ सकता है। पिछले साल यानी 2024 में मानसून की 21 जून को एंट्री हुई थी। यह 6 दिन देरी से प्रदेश में पहुंचा था। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मध्यप्रदेश के पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में प्रवेश किया था। इस बार भी इन्हीं जिलों से मानसून के आने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के ज्यादातर जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है। जबलपुर, शहडोल संभाग में सबसे अधिक पानी गिरने की उम्मीद है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के ज्यादातर जिलों में डेढ़ सौ फीसदी तक पानी गिर सकता है। उत्तरप्रदेश बॉर्डर के कुछ जिले में सामान्य बारिश होने के भी आसार है।



### इस बार सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद

प्रदेश में इस बार मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद जताई है। अनुमान के मुताबिक, एमपी में 104 से 106 प्रतिशत यानी औसत 38-39 इंच बारिश हो सकती है। जबलपुर-शहडोल संभाग में सबसे ज्यादा पानी गिरेगा, जबकि ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग में भी कोटा फुल हो सकता है। बता दें कि साल 2023 में प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, लेकिन पिछले साल भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 44 जिलों में कोटे से ज्यादा बारिश हुई थी।

### युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी, मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** बैरसिया पुलिस ने इलाके में रहने वाल एक युवक का शव उसके घर के पीछे लगे पेड़ पर फंदे पर लटका हुआ बरामद किया है। पुलिस ने बताया की वार्ड नंबर-2 वसई में रहने वाला बबलेश कुशवाह (40) प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार रात उसने अपने घर के पीछे लगे पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय घर में बबलेश का 18 साल का बेटा था। बाद में बेटे ने पिता का शरीर फंदे पर लटका देख पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुचांयगा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है।

# हिस्ट्री शीटर का फायर करते वीडियो वायरल

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के गोविंदपुरा थाने के एक हिस्ट्री शीटर बदमाश का शादी समारोह में नाचते हुए देसी पिस्टल से दो फायर किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही हैं। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है, कि वायरल वीडियो कब पुराना और कहां का है। वहीं सूत्रो के अनुसार गोपाल पाटिल का वायरल वीडियो वॉट्सएप अन्ना नगर में दो-तीन दिन पहले हुई एक शादी का बताया जा रहा है। वीडियो में नजर आ रहे लोग उस पर जमकर पैसा उड़ा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक साल 2016 में 16 नवंबर को गोपाल पाटिल ने अपने साथियो के साथ मिलकर में वर्चस्व बढ़ाने और पुरानी रंजिश के चलते दिनेश (23) और एम वेंकटेश (26) पर पिस्टल से तीन फायर करते हुए उन दोनों पर चाकू से जानलेवा वार किये थे। मामले में गोविंदपुरा पुलिस ने गोपाल, संदीप, नितिन, शुभम और रोहित पाटिल को नामजद आरोपी बनाया था। इसके बाद ही बदमाश गोपाल सुर्खियों में आया था। बीते कई सालो से वह अन्ना नगर में सक्रिय रूप से अपराध कर रहा है।

**कलेक्टर एवं एसपी ने जिले में आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने ली अधिकारियों की बैठक**

**बड़वानी, ईएमएस।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टरेट सभागृह बड़वानी में कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर व पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर द्वारा देश में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य और संवेदनशील परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए जिले के पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गई।



**आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम आयोजित**

**सीधी, ईएमएस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड सिहावल जिला सीधी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक पतुलखी के सभागार में जगत गुरु आदि शंकराचार्य जी के 1237 वीं जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।



## संपादकीय

# युद्ध विराम का श्रेय मोदी या ट्रंप के नाम

भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई थी। उसी बीच युद्ध विराम की खबर आ गई। युद्ध विराम की यह खबर अमेरिका से चलकर भारत पहुंची। भारत ने पुष्टि की। उसके बाद से युद्ध विराम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम का श्रेय लिया है। सबसे पहले उन्होंने ही युद्ध विराम का संकेत दिया, डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता का भी दावा किया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा अमेरिका की मध्यस्थता में लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल युद्ध विराम के लिये सहमत हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा 48 घंटे तक अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी बेंस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के विदेश मंत्री जयशंकर तथा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सेना प्रमुख मुनीर से उपराष्ट्रपति बेंस लगातार बात कर रहे थे। दोनों देश युद्ध विराम और बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सीज फायर के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शुक्रिया अदा किया। पाकिस्तान ने चीन, सऊदी अरब, तुर्की और कतर को भी धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत में युद्ध को लेकर जो छवि बनाई गई थी। इस बार पाकिस्तान के साथ निर्णायक लड़ाई होनी थी। पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल किए जाने के दावे किए जा रहे थे। पाकिस्तान की 4 दिनों में जिस तरह की हालत थी। उसके बाद यह लग रहा था कि भारत जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर को अपने कब्जे में लेगा। वहीं बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित करेगा। पाकिस्तान को भारत ऐसा सबक सिखाएगा, जिसको वह कई पीढ़ियों तक नहीं भूल पाएगा। भारत का मीडिया भी इसी तरह की खबरों को लगातार चला रहा था। भाजपा का आईटी सैल भी यही दावा कर रहा था। जैसे ही अमेरिका की मध्यस्थता में भारत ने सीज फायर के लिए सहमति दी। उसके बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो छवि बनाई गई थी। उसमें समर्थकों को बड़ा धक्का लगा। इतने वर्षों तक जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान को लेकर कभी भी भारत ने किसी अन्य देश की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीज फायर और मध्यस्ता की बात स्वीकार करने से अभी तक उनकी जो छवि बनी हुई थी। उसमें जबरदस्त नुकसान देखने को मिल रहा है। जैसे ही सीज फायर की घोषणा हुई, उसके बाद नेशनल मीडिया के सभी चैनल और उनके एंकर एकदम से हतप्रभ रह गए। उन्हें सूझ नहीं रहा था, कि अब वह किस तरीके से अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं। पहलगाम की घटना के बाद बड़े-बड़े दावे किए जा रहे थे। एक ही झटके में वह हवा हवाई हो गए। कुछ इसी तरह की स्थिति भाजपा आईटी सेल की हो गई। भारत सरकार ने सीज फायर और मध्यस्थता की बात स्वीकार करके सबको हैरान और परेशान कर दिया। सीज फायर के कुछ ही घंटे के बाद पाकिस्तान की ओर से रात में हमले शुरू हो गए। उसको लेकर देश भर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़े-बड़े समाचार पत्रों को भी समझ में नहीं आ रहा था, कि वह सीज फायर की खबर को प्रमुखता से ले, या सीज फायर के बाद पाकिस्तान के हमले को प्रमुखता से लें। मीडिया में कई घंटे तक अनिश्चय की स्थिति बनी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो छवि भाजपा आईटी सेल और नेशनल मीडिया ने बनाई थी। युद्ध विराम के बाद उस छवि पर विपरीत असर पड़ा है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती अपनी इमेज को बनाए रखने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्व गुरु की जो छवि है, उसमें आघात लगा है। अमेरिका और चीन के दबाव में जिस तरह से भारत ने सीज फायर के प्रस्ताव को स्वीकार किया। उसके बाद सोशल मीडिया में 1971 का युद्ध, अमेरिका की धमकी, भारत की सेना का शौर्य और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के वीडियो वायरल होने लगे। आम लोगों में यह चर्चा होने लगी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय अमेरिका के दबाव में है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में भारत सरकार ने यह फैसला लिया हैं। अमेरिका ने जब भारत के ऊपर टैरिफ लगाएं, भारत के नागरिकों को हथकड़ी लगाकर भारत वापस भेजा, उसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप रहे। भारत और पाकिस्तान के बीच जिस स्थिति में युद्ध विराम हुआ है। उसके बाद आम जनों के बीच निराशा देखने को मिल रही है। वहीं यह भी संतोष है कि पहलगाम की घटना का बदला भारत ने ले लिया है।

**– सनत जैन**

## राज काज

### डोनाल्ड ट्रंप ही दुनिया में सबसे सच्चे



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसे नेता हैं। जो अपने आप को सबसे सच्चा व्यक्ति कहते हैं। वह ईश्वर के रूप में स्थापित होने जा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध में उन्होंने अपनी बात कही। उसने उसको ठोक दिया, बदले में उसने भी ठोक दिया। एक दूसरे का हिसाब किताब बराबर हो गया। मैं दोनों देशों को जानता हूं। अमेरिका के दोनों देशों से संबंध है। ट्रंप ने चाहा और युद्ध विराम भी हो गया। सही मायने में ट्रंप से सच्चा और कोई नहीं है। यही कहा जा सकता है। आशा की जाने चाहिए जल्द ही रूस और यूक्रेन तथा इजराइल और गाजा का युद्ध बंद हो जाएगा। सच्चे व्यक्ति की बात सभी मानते हैं।

### बिना पाकिस्तान में घुसे सेना ने पाकिस्तान को जीत लिया

भारतीय सेना ने अपनी रणनीति के बल पर पाकिस्तान की सीमा में घुसे बिना उसके सैकड़ो आतंकियों को पाकिस्तान में मार गिराया। आतंकियों के नो ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। पिछले 26 सालों में जो आतंक जैस ए मोहम्मद और अन्य आतंकी संगठनों ने पाकिस्तान के संरक्षण में फैलाया था। भारतीय सेना ने भारतीय सीमा में रहते हुए, उनको जिस तरह से नेस्त-नाबूत किया है। उसकी सारी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। यह अलग बात है, सेना के परा म का राजनीतिक लाभ सत्तारुड़ दल लेने की कोशिश कर रहा है। उसमें वह सफल भी होगा। भाजपा की इसमें मास्टरी जो है। पुलवामा के समय जो लाभ मिला था। वैसा लाभ अब भाजपा को नहीं मिलेगा। भारत के लोगों को लग रहा था। इस बार के युद्ध में पाक अधिकृत कश्मीर को जीतकर 75 साल पुराना बदला, पाकिस्तान से मोदी सरकार लेगी। लेकिन यह सपना, सपना ही रह गया।

### जल संधि पर वर्ल्ड बैंक ने पल्ला झाड़ा

पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक ने एक बड़ा झटका दे दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच जलसंधि को लेकर जो विवाद हो रहा था। उसकी गुहार पाकिस्तान ने वर्ल्ड बैंक में लगाई थी। पाकिस्तान का कहना था, भारत ने जल संधि का उल्लंघन किया है। वर्ल्ड बैंक ने इस पचड़े में पडने से इनकार कर दिया। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि उसकी भूमिका एक मध्यस्थ के रूप में थी। उसका जलसंधि से अब कोई लेना देना नहीं है। एक बार समझौता करा दिया था। उसका पालन तो दोनों ही देशों को करना है, आपस में मिलकर करें।

# दया, करुणा और मानवता के महानायक भगवान बुद्ध !

563 ईसापूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा को लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच एक राजकुमार के रूप में भगवान बुद्ध ने उस समय जन्म लिया, जब उनकी मां कपिलवस्तु की महारानी महामाया देवी अपने पीहर देवदह जा रही थी और रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। इस राजकुमार का नाम रखा गया सिद्धार्थ, जो आगे चल कर महात्मा बुद्ध के नाम से विख्यात हुए। महात्मा बुद्ध का जीवन दर्शन और उनके विचार आज ढाई हजार से अधिक वर्षों के बेहद लंबे अंतराल बाद भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके प्रेरणादायक जीवन दर्शन का जनजीवन पर अमिट प्रभाव रहा है। हिन्दू धर्म में जो अमूल्य स्थान चार वेदों का है, वही स्थान बौद्ध धर्म में 'पिटकों' का है। महात्मा बुद्ध स्वयं अपने हाथ से कुछ नहीं लिखते थे बल्कि उनके शिष्यों ने ही उनके उपदेशों को कंठस्थ कर बाद में उन्हें लिखा और लिखकर उन उपदेशों को वे पेटियों में रखते जाते थे, इसीलिए इनका नाम 'पिटक' पड़ा, जो तीन प्रकार के हैं– विनय पिटक, सुत्त पिटक तथा अभिधम्म पिटक। बुद्ध का कथन है, कल्याण की भावना तथा प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव का साक्षात्कार होता है। बुद्ध के हृदय में बाल्यकाल से ही चराचर जगत में विद्यमान प्रत्येक प्राणी में प्रति करूणा कूट-कूटकर भरी थी। मनुष्य हो या कोई जीव-जंतु, किसी का भी दुख उनसे देखा नहीं जाता था। एक बार की बात है, जंगल में भ्रमण करते समय उन्हें



डॉ श्रीगोपाल नारसन



किसी शिकारी के तीर से घायल एक हंस मिला। उन्होंने उसके शरीर से तीर निकालकर उसे थोड़ा पानी पिलाया। तभी उनका चचेरा भाई देवदत्त वहां आ पहुंचा और कहा कि यह मेरा शिकार है, इसे मुझे सौंप दो। इस पर राजकुमार सिद्धार्थ ने कहा कि इसे मैंने बचाया है जबकि तुम तो इसकी हत्या कर रहे थे, इसलिए तुम्हीं बताओ कि इस पर मारने वाले का अधिकार होना चाहिए या बचाने वाले का। निश्चित ही बचाने वाले का अधिकार है। यही न्याय उनके पिताजी ने उनके साथ किया। बुद्ध की सोच थी कि ''जो व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से ईर्ष्या करता है, उससे वैर भाव रखता है, किसी पर बेवजह क्रोध करता है, निरीह प्राणियों पर अत्याचार या उनकी हत्या करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जब कोई किसी पर चिल्लाता है या उसे अपशब्द कहता है अथवा उसे नीच कहता है तो ऐसा करने वाला व्यक्ति ही वास्तव में नीचता पर उतारू होता है क्योंकि असभ्य व्यवहार ही नीचता का प्रतीक है। जो व्यक्ति किसी का कुछ लेकर उसे वापस नहीं लौटाता, ऋण लेकर लौटाते समय झगड़ा या बेईमानी करता है, राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट करता है, जो माता-पिता या बड़ों का आदर-सम्मान नहीं करता और समर्थ होते हुए भी माता-पिता की सेवा नहीं करता बल्कि उनका अपमान करता है, वही व्यक्ति नीच होता है। जाति या धर्म निम्न या उच्च नहीं होते और न ही जन्म से कोई व्यक्ति उच्च या निम्न होता है बल्कि अपने विचारों, कर्म तथा स्वभाव से ही व्यक्ति निम्न या उच्च बनता है।

मध्य बिहार के धार्मिक तीर्थ स्थल गया से लगभग 10 किमी दूर वह पवित्र स्थान है जहां महात्मा बुद्ध को आध्यत्म का बोध हुआ और उन्होंने संसार से विरक्त होकर ईश्वरीय ज्ञान की अलख जगाई, साथ ही दुनिया मे शांति व सदभाव की स्थापना के लिए उन्होंने साधना की। सिद्धार्थ अर्थात गौतम का संसार की मोह माया को त्यागकर महात्मा बुद्ध में परिवर्तित होना और अपना संपूर्ण जीवन धर्म के असली अर्थ को जानकर बोध की अवस्था को प्राप्त करना एक चमत्कार ही है, जिसका संदेश सारे विश्व में गया है। बौद्ध धर्म को स्थापित करने वाले सिद्धार्थ अर्थात गौतम बुद्ध को बिहार की भूमि पर ही बोध की प्राप्ति हुई थी। जिस स्थान पर गौतम बुद्ध ने सर्वोच्च ज्ञान हासिल किया था, उस जगह को महाबोधि मंदिर, जो कि बोध गया में स्थित है, के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की सुरक्षा अत्यधिक है। श्रद्धालुओं को सीसीटीवी कैमरे की नजर में रखा जाता है। कैमरे व मोबाइल की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। चाहे श्रद्धालु स्त्री हो या पुरूष दोनों को ही दो दो बार तलाशी के दौर से गुजरना पड़ता है। तब जाकर महात्मा बुद्ध के विग्रह को निहारने व वहां बैठकर साधना सुख का अवसर मिल पाता है।

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को ही 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई।

## सुविचार

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं। **– सत्यसाई बाबा**

मनुष्य की महानता उसके कपडों से नहीं बल्कि उसके चरित्र से आँकी जाती है। **– स्वामी विवेकानन्द**

## प्रसंग

### लालची हकीम

जापान के टोकियो शहर में एक हकीमजी रहते थे। वे बड़े मशहूर थे। जा उनकी दवाएं रामबाण होती थीं। हकीमजी अपनी विशेषज्ञता के साथ लालची स्वभाव के कारण बड़े ही बदनाम थे। एक बार एक बच्चे को जिसे कोई असाध्य बीमारी थी, उसे हकीमजी के पास लाया गया। हकीमजी ने उसे बिल्कुल ठीक कर दिया। बच्चे का मां ने अपने कृतज्ञता जताने के लिए रेशम का एक बटुआ हकीमजी को भेंट में देने के लिए उनकी ओर बढ़ाया। बच्चे की मां ने कहा- हकीमजी, यह बटुआ मैंने अपने हाथों से बड़ी मेहनत और कारीगरी से बनाया है। कृपया इसे स्वीकार करें। सिर हिलाते हुए रूखाई से हकीमजी बोले- मैं कोई चीज - वीज नहीं लेता। सिर्फ रूपया लेता हूं। नकद रूपया। इस अपमान से बच्चे की मां के दिल को ठेस लगी। उसने हकामजी से पूछा- कितना पैसा देना है आपको ? हकीमजी ने कहा- सिर्फ पांच न्यांग ( जापानी मुद्रा का नाम )। बिना कुछ कहे बच्चे की मां ने रेशम के बटुए से पांच न्यांग निकाल कर हकीमजी को दे दिए। बटुआ और उसमें रखे दस और न्यांग लेकर वह चली गई। हकीमजी अगर रेशम का बटुआ ले लेते तो उन्हें बटुए के साथ पन्द्रह न्यांग मिलते। अब महज पांच व्यांग ही हकीमजी के हाथ लगे।

## जरा हटके

### ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर में शोधकर्ताओं ने खोजा, डायनासोर हाईवे

**लंदन (ईमएस)।**

ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर में डायनासोर के पैरों के निशान खोजे गए हैं, जो करीब 166 करोड़ साल पुराने हैं। यह निशान सैकड़ों डायनासोर के फुट प्रिंट हैं, जो एक समय में क्षेत्र से गुजरते थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये फुट प्रिंट खदानों के भीतर दबे हुए थे और इन्हें अब डायनासोर हाईवे के नाम से जाना जा रहा है। शोधकर्ता ने बताया कि चार ट्रैक शाकाहारी डायनासोरों के हैं और एक ट्रैक मांसाहारी डायनासोर मेगालोसौरस का है।
दरअसल ऑक्सफोर्ड और बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम ने इंग्लैंड के क्वॉरी स्थित खदानों में खुदाई की। टीम ने डायनासोर के करीब 200 फुट प्रिंट खोजे और इन्हें रिकॉर्ड किया। सबसे लंबा ट्रैक करीब 150 मीटर लंबा है, जो शाकाहारी सॉरोपॉड डायनासोर के पैरों के निशान हैं।
एक और ट्रैक में मांसाहारी डायनासोर के तीन पंजों के निशान हैं। ये फुट प्रिंट 166 करोड़ साल पुराने हैं। अब सवाल ये उठा रहा हैं कि क्या डायनासोर एक-दूसरे से मिलते थे? एक दिलचस्प तथ्य यह है कि इन मांसाहारी



और शाकाहारी डायनासोर्स के ट्रैक एक-दूसरे को क्रॉस करते हुए दिखाई देते हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ये डायनासोर एक-दूसरे से मिलते थे, या क्या उनका बर्ताव एक-दूसरे के साथ दोस्ताना था या दुश्मनी थी? इस खोज से वैज्ञानिकों को डायनासोर्स की जीवनशैली, उनके चलने की गति, उनका आकार, और उनके बीच के रिश्ते को समझने का मौका मिलेगा। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक का कहना है कि यह रिसर्च बहुत बारीक है और यह दिखाता है कि डायनासोर के पैरों के मिट्टी में धंसने से मिट्टी का क्या असर पड़ा होगा।

## फोटो ऑफ द डे



**सोमालिया में एक व्यक्ति बाढ़ के पानी के बीच से निकलते हुए। यहां भारी बारिश से घरों को भारी नुकसान हुआ है। (फोटो-ईएमएस)**

## व्यंग्य

# अमेरिका में दर्पण

**–उमेश अग्निहोत्री**

अमेरिका के घरों में शीशे बहुत हैं। बाथरूम में शीशा तो ठीक है, घर में घुसते ही फॉयर में शीशा, लिविंग रूम में बुखारी के ऊपर एक शीशा। बेडरूम में ड्रेसिंग टेबल पर शीशा। खाने के कमरे में भी शीशा। तरह-तरह के शीशे, कहीं आयताकार, कहीं चौकोर, कहीं सिर्फ़ अपना चौचोटा देखने, और कहीं खुद को ऊपर से नीचे तक देखने के लिए आदमकद शीश। किसी भी कमरे में जाओ आपको उसमें कहीं-न-कहीं शीशा लगा ज़रूर मिलेगा।

मैं जब अमेरिका पहुँचा था, और रहने के लिए अपार्टमेंट ढूँढ़ रहा था, तो एक बार एक अपार्टमेंट में दाखिल होते ही लिविंग रूम की बुखारी पर लगे शीशे में खुद पर नज़र पड़ी। मुझे महसूस हुआ कि कमरे में कोई दूसरा भी है। उसके बाद जब बेडरूम के दरवाज़े के पीछे लगे शीशे में अपने को ऊपर से नीचे तक देखा, तो लगा जैसा खुद को नहीं, किसी अजनबी को देख रहा हूँ, क्योंकि उससे पहले कभी खुद को सिर से पाँव तर पूरा देखा नहीं था। ...नहीं शायद एक बार देखा था, वह तब जब नई दिल्ली में औद्योगिक प्रदर्शनी लगी थी, और उसमें एक मंडप के बाहर एक आदमकद शीशे में खुद को देखा था। मुझे आज भी याद है कि जब उस शीशे के आगे से निकला था, तो पहली प्रतिक्रिया यह हुई थी- ओह! तो दूसरों को, यानी जो मुझे मुजस्सम देखते रहे हैं, उनको मैं ऐसा गोल-मटोल, तोंदल नज़र आता हूँ। और मैं कभी खुद को देखने के और कभी न देखने के चक्कर में, शीशे के आगे, दांय-बांय होता रहा था। घरों में तो शीशे होते ही हैं। बाहर भी उनसे आप पूर्णतः मुक्त नहीं हो पाते। दिन में चार-चार घंटे बाद अगर चार बार भी कहीं किसी 'मेन्स या विमेंस रूम' में जाना पड़ जाए, तो वहाँ भी आपकी, आप चाहें न चाहें. किसी शीशे में खुद से मुलाक़ात हो ही जाती है। मैं कभी-कभी पश्चिमी समाज में शीशे के योगदान के बारे में सोचता हूँ तो इसी नतीजे पर पहुँचता हूँ कि इसने व्यक्ति को और समाज को बहुत बदला है। कभी घर में कभी घर के बाहर, जब आप बार-बार अलग-अलग रूपों में, कभी कपड़ों में और कभी निर्वस्त्र, खुद से रू-ब-रू होते रहते हैं, तो फिर एक दिन आता है जब आप अवचेतन रूप में, अपने चेहरे-मोहरे, बाहरी रंगरूप के बारे में सोचने लगते हैं। परिणामस्वरूप आप आत्म-केंद्रित होते चले जाते हैं। तब आप अपनी छवि सुधारना चाहते हैं और चूँकि बात अपनी छवि सुधारने की होती है, आप अपने पर खुद कर खर्च करते हैं। यह भावना उन समाजों में ज़रा मुश्किल से पैदा होती है जहाँ आईने आसानी से मिलते न हों, घरों में एक या दो से अधिक शीशों का होना लक्ज़री माना जाता हो और तैयार होने के बाद लड़कियों को यह जानने के लिए कि वह कैसी लग रही हैं, आईने से नहीं, सहेलियों से पूछना पड़ता हो, जो यह क्यों चाहने लगीं कि आप उनसे सुंदर लगें। भारत में हमारे घर में शीशा था, जिसमें चेहरा पूरा नज़र आ जाए तो खुद को खुशकिस्मत समझते थे। उसी में देखकर हम सब भाई-बहन बालों में कंघा कर लिया करते थे। वह ज़माना ऐसा था कि आईने में देर तक अपना चेहरा देखना गुनाह समझा जाता था।

## चिंतन-मनन

# दृष्टि में सब रखें

एक व्यक्ति ने कहा, सर्दी लग रही है। ठिठुर रहा हूं। दूसरे ने कहा, जाओ, कपड़ा ओढ़ लो। वह घर में गया और मलमल की चादर ओढ़ आया। आकर बोला, कपड़ा ओढ़ लिया, फिर भी ठंड लग रही है। उसने कहा, भले आदमी ! मैंने कपड़ा ओढ़ने के लिए कहा था। इस ठिठुरन से बचने के लिए कैसा कपड़ा ओढ़ना है, यह विवेक तो तुम्हें होना ही चाहिए। मलमल से ठंड नहीं रूकती। वह रूकती है मोटे कपड़े से, ऊनी कपड़े से। जब तक मोटा कपड़ा या ऊनी कपड़ा नहीं ओढ़ा जाएगा, ठंड रूकेगी नहीं। कहने का अर्थ है कि यही बात देखने के विषय में है। देखना भी चल रहा है और विचार भी चल रहा है, यह नहीं होना चाहिए। देखने में केवल देखना ही चले। यह तभी संभव है जब देखना सघन हो। ठंड का रूकना तभी संभव है जब मोटा कपड़ा ओढ़ा जाए। प्रश्न होता है कि किसे देखें? क्या देखें? अच्छा-बुरा जो भी आए उसे देखें। प्रोध आए तो उसे भी देखो। मान आए तो उसे भी देखो। वास्तव में जो प्रोध को देखता है, वही मान को देखता है। प्रोध हमारी सबसे स्थूल वृत्ति है। यह सबके समक्ष प्रत्यक्ष होती है। मान छिपा रहता है। प्रकट कम होता है। प्रोध तत्काल प्रकट हो जाता है। प्रोध का परिणाम -दुख को देखो। सुख को भी देखो। सुख के स्पंदनों को देखो। दुख के स्पंदनों को देखो। जो भी अच्छा या बुरा है, उसे देखो। श्वास को देखो। शरीर को देखो। समत्व को देखो। तटस्थता को देखो। अनन्यदर्शी को देखो। उसको देखो जहां दूसरा कोई नहीं है। चेतना के उस शुद्ध स्वभाव को देखो जहां जानने-देखने के सिवाय कुछ भी नहीं है। वही परम दर्शन है।

## स्वास्थ्य

# आर्टिफिशियल फूड कलर्स से सेहत पर पड़ सकते हैं गंभीर प्रभाव

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** खाद्य पदार्थों में आजकल आर्टिफिशियल फूड कलर का अत्यधिक इस्तेमाल हो रहा है, जो प्रोसेस्ड फूड्स में रंग और स्वाद बढ़ाने के लिए डाले जाते हैं। एक मशहूर डाइटिशियन के अनुसार, इन आर्टिफिशियल फूड कलर्स से सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं।

आर्टिफिशियल फूड कलर, जिन्हें फूड डाई भी कहा जाता है, इन रंगों का उद्देश्य खाद्य पदार्थों को आकर्षक बनाना है। हालाँकि, इनका अत्यधिक सेवन हमारी सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इन रंगों में कई हानिकारक रसायन होते हैं, जो शरीर पर बुरा असर डाल सकते हैं। इनमें बेंजीन जैसी खतरनाक सामग्री हो सकती है, जो कैंसर का कारण बन सकती है। इसके अलावा, इन रंगों के सेवन से ट्यूमर का भी खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, सिंथेटिक फूड कलर बच्चों में एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। हालांकि इस पर अभी पूरी तरह से निष्कर्ष नहीं आया है, लेकिन कई अध्ययनों में यह पाया गया है कि इन रंगों के सेवन से बच्चों में अधिक सक्रियता और ध्यान की कमी हो सकती है। इसके अलावा, इन रंगों से एलर्जी की समस्या भी हो सकती है, जैसे कि टार्ट्राज़िन (पीला रंग) अस्थमा और पित्ती का कारण बन सकता है।

### 12 मई को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 12 मई को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### मुख्य सचिव ने ली आपदा प्रबंधन से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेस

**अशोकनगर, ईएमएस।** मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रविवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेस ली। इस वीडियो कॉन्फ्रेस मे उन्होंने सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक सुझाव लिए गए।

**रात्रि में अचानक जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर**

## मरीजों से जानें हाल, अधिकारियों को कमियों में सुधार के निर्देश दिए

**अशोकनगर, ईएमएस।**



जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने बीती शनिवार की रात कलेक्टर आदित्य सिंह पहुंचे। कलेक्टर ने वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा कर अस्पताल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बृज विहारी लाल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

देर रात जैसे ही कलेक्टर आदित्य सिंह जिला अस्पताल के अंदर पहुंचे, हड़कंप मच गया। कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों ने वार्डों में जाकर सुरक्षा इंतजाम देखे। इसके साथ ही, रात्रि में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर, नर्स, और स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ से चर्चा की और सुरक्षा को लेकर नाइट ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की। कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड, सर्जिकल वार्ड और आईसीयू का दौरा कर भर्ती मरीजों से बातचीत की और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने मौजूद स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की। निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप जिले में चिकित्सा सेवाएं मरीजों को बेहतर से बेहतर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ समय पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। बता दें कि, यह कलेक्टर का जिला अस्पताल का तीसरा निरीक्षण है। पिछले निरीक्षणों में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताने के बाद से वे स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयासरत हैं।

## खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षण संस्था की मांग पर नर्मदापुरम में शीघ्र बनेगा स्वीमिंग पूल : राज्यसभा सांसद माया नारोलिया

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** नर्मदा युवा संस्था नर्मदापुरम एवं जिला ट्रायथलान संघ नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अप्रैल से शुरू हुए निशुल्क तैराकी और ट्रायथलान खेल के शिविर मे राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं पूर्व नपाध्यक्ष डॉ.अखिलेश खण्डेलवाल स्थानीय सेठानी घाट पर प्रातः पहुंच कर प्रशिक्षित बच्चों और उनके पालकों से मुलाकात की। इस दौरान संस्था सचिव एवं शिविर संचालक उमाशंकर व्यास ने दोनों अतिथियों का स्वागत कर अवगत कराया कि उक्त निःशुल्क तैराकी शिविर विगत 30 वर्षों से संचालित किया जा रहा जा रहा है।



शिविर के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर नगर प्रदेश तथा देश को गौरव की अनुभूति कराई है। जिसमें प्रमुख रूप से एशियाई खेल में पदक विजेता हर्षिता मीना सहित विश्वजीत कुशवाह,यश बाथरे,मोहन मंसूरिया दीपक सोनी राहुल हरने,कविता वर्मा,मनोज कटैया,फिल्म अभिनेता मानव कौल प्रमुख हैं। साथ ही अनेक खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निरन्तर सम्मलित हो रहे यदि सार्वजनिक स्वीमिंग पूल मिल जाये तो और भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संस्था तैयार कर सकती हैं। वर्तमान में शिविर में 150 खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया है जो प्रतिदिन सुबह 6-8 बजे से उपस्थित होकर तैराकी की बारीकियों को सीख रहे हैं। इस अवसर पर सांसद नारोलिया ने उपस्थित खिलाड़ियों,पालकों एवं संस्था पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जिला प्रशासन एवं सरकार से स्वीमिंग पूल की दबी हुई फ़ाइल को निकलवा कर नगर में जल्द से जल्द स्वीमिंग पूल निर्माण में आ रही बाधाओं को हटवा कर वर्षों से लंबित इस मांग पूर्ण करुँगी।

**मनरेगा के साथ निमार्ण कार्यों में किया जा रहा फर्जीवाड़ा,**

# भ्रष्टाचार में सबसे आगे ग्राम पंचायत घुरवार कला

**सीसी सड़क का बीच का हिस्सा गायब, शुरुआत और अंत में रोड़ डालकर बीच का हिस्सा छोड़ा खाली**

**अशोकनगर, ईएमएस।**





जिले की ईसागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत घुरवार कलां के ग्राम कंचनपुर में मनरेगा में फर्जीवाड़े के साथ ही निर्माण कार्यो में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। करीब 15 दिन पहले यहां आदिवासी हितग्राहियों के मशीन से बनाए गए खेत तालाब में केवल औपचारिकता पूरी की गई है। ना तो तालाब में गहराई दी गई, ना ही ढंग से पार बनाकर पानी रोकने का इंतजाम किया गया।

बल्कि खेत के चारों तरफ थोड़ी-थोड़ी मिट्टी डालकर काम पूरा कर लिया गया। गांव में कृष्णा गुल्ला आदिवासी, विद्या गजरा आदिवासी का खेत तालाब नहीं बना। कंचनपुर के रघुनाथ कल्ला आदिवासी ने बताया कि उसका पोखर अधूरा पड़ा हुआ है, सात-आठ दिन पहले काम लगा था, करीब 75 परसेंट काम हो गया। उसने बताया कि मजदूर नहीं लगाए, मशीन से खुदा है। सरपंच आए थे, और हम थे, और कोई नहीं आया, इंजीनियर को जानते नहीं है। गांव में सुगन आदिवासी का खेत तालाब बन गया है, अब गांव में काम बंद है।रविवार को ग्राम पंचायत घुरवार कलां में मनरेगा पोर्टल पर 166 मजदूर काम करते हुए तथा 15 काम चलाते हुए दर्शाए गए। जिनमें बुंदेल सिंह लाल/साहब यादव के खेत तालाब, रघुनाथ कल्लू आदिवासी के खेत तालाब, सुगन भंवरा आदिवासी के खेत तालाब, बेताल सिंह के घर से जगराम के घर की ओर सीसी सड़क निर्माण, तथा अन्य जगह प्रधानमंत्री आवास निर्माण का काम होना बताया गया। जबकि मौके पर ना तो कोई मजदूर था, और ना ही कोई भी काम चल रहा था। पोर्टल पर मजदूरों का फोटो भी फर्जी अपलोड किया गया। इस तरह सरपंच, सचिव, इंजीनियर मिलकर मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं, और गरीबों का हक छीन कर शासन की राशि हड़पकर अपनी जेबें भर रहे हैं।

इतना ही नहीं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव,और इंजीनियर ने मिलकर एक ऐसी नई तरकीब निकाली, भ्रष्टाचार भी हो और पता भी ना चले, जिसे देखकर आश्चर्य हुआ, घुरवार कलां गांव में बेताल के घर से जगराम के घर की ओर घटिया मटेरियल से सीसी सड़क बनाई है, उसमें बेताल के घर के आगे थोड़ा सीसी सड़क का मसाला डाल दिया। और जगराम के घर के आगे थोड़ा सा सीसी सड़क का मसाला डाल दिया। बाकी बीच में पूरी जगह सड़क खाली छोड़ दी, जिससे सीसी सड़क बनने का नाम भी हो गया, और सड़क बनाई भी नहीं। और भी गांव में जो निर्माण कार्य किए गए हैं, वह घटिया और गुणवत्ता हीन है। इंजीनियर कभी भी निर्माण कार्य देखने नहीं गए, विभाग का वरिष्ठ अधिकारी भी कभी पंचायत की जांच करने नहीं गया, जिससे जमकर मनमानी और भ्रष्टाचार चल रहा है। इससे लगता है कि ग्राम पंचायत घुरवार कलां भ्रष्टाचार में सबसे आगे है।

### इनका कहना

हमारा खेत तालाब नहीं बना, हमारा गांव कंचनपुर ग्राम पंचायत घुरवार कला है।

**कृष्ण आदिवासी,**
**निवासी ग्राम कंचनपुर पंचायत घुरवार कलां जनपद ईसागढ़।**

हमारे खेत तालाब का सात-आठ दिन पहले काम शुरू हुआ था। अभी अधूरा डला है, करीब 75 प्रतिशत बन गया।

**रघुनाथ आदिवासी,**
**निवासी ग्राम कंचनपुर, ग्राम पंचायत घुरवार कलां, जनपद पंचायत ईसागढ़ जिला अशोकनगर।**

## नेशनल लोक अदालत में 905 मामलों का निपटारा



**अशोकनगर, ईएमएस।** जिला न्यायालय में आयोजित द्वितीय नेशनल लोक अदालत ने एक दिन में 905 प्रकरणों का निराकरण किया। इस दौरान 4 करोड़ 63 लाख 35 हजार 952 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश केशव मणि सिंघल, डीएलएसए सचिव मनीष अनुरागी मौजूद रहे। न्यायालयीन खंडपीठों ने 413 मामलों का निपटारा किया। इनमें 206 आपराधिक, 2 क्लेम, 27 विद्युत, 121 चेक बाउंस, 49 अन्य और 7 वैवाहिक मामले शामिल थे। साथ ही 492 प्रीलिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का समाधान भी हुआ। लोक अदालत में कई पुराने विवादों का समाधान हुआ। छह साल से लंबित देवर-भाभी के बीच मारपीट का मामला सुलझा। पिपरईया काछी और अशोकनगर के दो दंपतियों के पारिवारिक विवाद भी सुलह से खत्म हुए। बजरिया मोहल्ला के दो भाइयों के बीच चल रहा संपत्ति विवाद भी सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटा।

## कलेक्टर ने विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर का किया औचक निरीक्षण



**अशोकनगर, ईएमएस।**

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर का रविवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रांति स्वसहायता समूह करैया बुद्धु के अंतर्गत गेंहू का उपार्जन का भण्डारण विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर में किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने वेयर हाउस की भण्डारण क्षमता, सुरक्षा तथा भण्डारित गेहूँ का मौसम के अनुरूप बचाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि वेयर हाउस में भण्डारित गेहूँ का पूर्ण दस्तावेजों के साथ मिलान कर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

### जांच दल ने किया स्टॉक मिलान

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत एसडीएम ब्रजबिहारीलाल श्रीवास्तव, ईसागढ एसडीएम तथा प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी इसरार खान तथा सहायक खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा तथा राजस्व अमले द्वारा विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर के गेहूँ स्टॉक का मिलान किया गया। जांच उपरांत जांच दल ने पाया कि वेयर हाउस में 35296 क्विंटल गेहूँ भण्डारण के विरूद्ध 35089 क्विंटल गेहूं का स्टॉक उपलब्ध है, जो कि लगभग 207 क्विंटल गेहूँ की मात्रा कर मिली। स्टॉक कम मिलने पर क्रांति स्वसहायता समूह संचालक श्रीमती कुसुम बाई धाकड़ तथा वेयर हाउस मैनेजर विकास रघुवंशी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।**

आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को मध्यपदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड मुंगावली द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय में व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित आचार्य अतुल बापट शास्त्री जी ने की। इस अवसर पर उन्होंने आदि गुरू शंकराचार्य जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अजय गुप्ता लेखापाला द्वारा आपदा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। जिला समन्वयक अनीता जाटव ने परिषद की आगामी कार्ययोजना, आपदा प्रबंधन एवं जल गंगा संवर्धन के बारे में बताया। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक सुखवती वर्मा ने सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम असाइनमेंट व प्रोजेक्ट रिपोट के बारे में जानकारी दी। मेंटर मुकेश प्रजापति द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्तकिया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था सचिव राकेश चौबे ने किया। कार्यक्रम में समस्त मेंटर, छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की परिक्रमा करने से समस्त मनोरथ सिद्ध होते हैं : यज्ञाचार्य पं.अजय दुबे

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।**



जनकल्याणार्थ किसान समृद्धि श्री लक्ष्मी नारायण माहायज्ञ अष्ठम् दिवस की परम पावन बेला में प्रातः कालीन सत्र में यज्ञशाला में समस्त देवताओं की पूजन के उपरान्त श्री लक्ष्मी नारायण भगवान के अभिषेक के साथ यज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित अजय दुबे द्वारा कराया गया।

यज्ञचरणानुराज्ञी पंडित रोहित दुबे ने बताया कि लक्ष्मी नारायण यज्ञ में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा , वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस पटेल, भूपेंद्र सिंह चौहान,मुकेश रिछारिया, चंद्रेश टंडावी, डॉ राजेश जायसवाल का आगमन हुआ। यज्ञ संयोजक पं.अखिलेश दुबे ने बताया कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन के आठवे दिन प्रवचन में पूज्य स्वामी चंद्रशेखरानंद गिरि महाराज एवं पूज्य स्वामी चैतन्यानन्द गिरी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को यज्ञ की महिमा को श्रवण कराया। संतों ने कहा कि यज्ञशाला की परिक्रमा करने मात्र से मनुष्य की सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। यज्ञ कुंड में तीनों देवता निवास करते हैं परिधि के रूप में ब्रह्मा विष्णु और शिव यही साक्षात अंबिका भी विराजमान रहती हैं।

## मिर्गी के मरीज की नदी में डूबने से मौत

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के बहादुरपुर कस्बे में मोला नदी में नहाते समय मिर्गी का दौरा आने से 27 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक का नाम सुमेर निवासी रामबाबू पुत्र शीतल केवट है। रविवार सुबह रामबाबू रोज की तरह नहाने के लिए मोला नदी गया था। नहाते समय उसे मिर्गी का दौरा आया। वह मात्र तीन फीट गहरे पानी में डूब गया और बाहर नहीं निकल सका। घटनास्थल नेशनल हाईवे के पुल के पास था। पुल से गुजर रहे राहगीरों ने पानी में शव देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मिर्गी की बीमारी के कारण युवक की मानसिक स्थिति पहले से ही ठीक नहीं थी।

## भाजपा उत्सव कमेटी गठित

**खरगोन, ईएमएस।** भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने बताया कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वा जयंती वर्ष के रूप में संगठन स्तर पर 21 से 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। भाजपा जिला कार्यालय से विजय मोरे ने बताया की लोकमाता के जयंती उत्सव को लेकर जिला अध्यक्ष द्वारा कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें जिला संयोजक लक्ष्मण इंगले, जिला सह संयोजक श्रीमती सरिता पाटीदार, सदस्य अखिलेश बर्वे, श्रीमती दर्शना मोयदे, श्रीमती पूर्वा व्यास को बनाया गया है। उक्त कमेटी जिले के शहरी, ग्रामीण स्थानीय निकाय में बैठक, गोष्ठी, शोभा यात्रा, महिला सशक्तिकरण के लिए दौड़, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका, ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम करेगी। जिला केन्द्रों पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## श्री समर्पण श्री ने जिला चिकित्सालय की मृत पड़ी हुई व्यवस्थाओं के विरोध में दिया ज्ञापन, FIR की मांग की



**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** विगत दो दिन पूर्व सरकारी अस्पताल में दुर्घटना से मृत हुए युवक के शरीर को कुत्ते द्वारा नोचे जाने की घटना सामने आने के बाद जिला स्वास्थ्य चिकित्सा की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है।

इसके विरोध में रविवार को श्री समर्पण श्री संस्था दोपहर 2 बजे जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया और इस घटना में हुई लापरवाही के लिए जो लोग भी दोषी हैं उन पर कार्यवाही की मांग और तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाया जाए । साथ ही उन पर पर स्त्रढ्क्रकी मांग भी की गई । संस्था प्रमुख स्वदेश सैनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों का प्रॉपर ट्रीटमेंट, साफ सफाई, व दुरुस्त व्यवस्था के लिए भी मांग करेगी। जिससे गरीब परिवार के लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था इलाज सुनिश्चित हो। कार्यवाही नहीं होने की दशा में संगठन धरना प्रदर्शन पुतला दहन करेगा। जिला अस्पताल में ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वदेश सैनी, रहमान खान, राज खिल्लारे, शुभम मालवीय, वीरू पटवा, विष्णु ठाकुर,आकाश कहार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मौसम के बिगड़े मिजाज, मानसून से पहले मेहरबान हो रहे बादल



**खरगोन, ईएमएस।**

शहर सहित समूच अंचल में मई महीने की शुरुआत से ही मौसम पूरी तरह से बदला हुआ है। अप्रैल में जो तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था, वह इन दिनों 33 डिग्री पहुंच गया है। रविवार को भी शाम 4.30 से 6.30 बजे तक कभी तेज तो कभी रुक-रुककर हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया।

लगातार छाए बादल और बारिश के चलते लोगों को न केवल तेज धूप बल्कि उमस से भी राहत मिल रही है, बल्कि रात के समय कुलर, एसी से भी राहत मिल रही है। तहसील मौसम वैद्यशाला से मिली जानकारी अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा।

रविवार को सुबह के समय तो आसमान साफ रहा, लेकिन तेज हवाओं चुभन महसूस नही हुई और दोपहर बाद आसमान में बादल छाने के साथ ही शाम 4 बजे बाद गरज के साथ बरसने भी लगे। तेज और लगातार बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। यह बारिश आमजन के लिए परेशानी का सबब भी बनी।

**7 दिवसीय भागवत महापुराण में डॉ. पाराशर बोले- हम दो हमारे दो हर धर्म पर हो लागू**

## हम शांति के कबूतर भी उड़ाना जानते है और आतंकी ठिकाने भीः कथावाचक डॉ. पाराशर



**खरगोन, ईएमएस।** भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को 100 अपराध तक क्षमा किया, लेकिन जैसे ही 101वां अपराध हुआ, भगवान ने अपने सुदर्शन से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इससे यह संदेश दिया कि हम भारतीय विश्व कल्याण की कामना करने वाले है।

लेकिन हमारी शालीनता को कायरता न समझा जाए। जो जिस भाषा में समझता है उसी भाषा में समझाना जानते है। हम शांति के कबूतर उड़ाते है तो एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकाने भी उड़ा सकते है। उक्त उद्गार अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने टेमला में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के 7वें दिन कही। उन्होंने कहा यह शुभ संयोग है कि कथा शुरुआत के दौरान ऑपरेशन सिंदुर शुरु हुआ और कथा विराम के दिन समापन भी हुआ।

पाकिस्तान की हरकतों पर डॉ. पाराशर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकी भेजता रहा, लेकिन जब पानी सिर से उपर हुआ और हमने घर में घुसकर मारना शुरु किया तो आज समूचा विश्व भारत की शक्ति देखकर हैरान है। पाकिस्तान को कटोरा लेकर भीख मांगने पर मजबुर कर दिया है, अब न तो कोई उसे भीख दे रहा न ही मदद। इसे कुटनीति कहते है। जिस तरह कांटे को कांटे से निकाला जाता है, उसी तरह छोटे से ऑपरेशन उसे उसी की भाषा में जवाब देकर बता दिया कि हम किसी को छेड़ते नही और छेड़ते है तो छोड़ते नही।

### परिवार की जनसंख्या भी 56 करोड़

डॉ. पाराशर ने डॉ. श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की आठ पटरानियां थी, जिनमें रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा, इनके अलावानरकासुर ने 16,000 कन्याओं को बंदी बना लिया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर इन कन्याओं को मुक्त कराया। कन्याओं के परिजन उन्हें त्यागने से इनकार कर दिए, तब श्रीकृष्ण ने उनकी मर्यादा की रक्षा के लिए 16,000 रूपों में प्रकट होकर उनसे विवाह किया। हर रानियों से 10 पुत्र और एक पुत्री हुई, जिससे कुल 1 लाख 61 हजार 80 पुत्र हुए। इन पुत्रों के विवाह के बाद इनके परिवार की संख्या 56 करोड़ हो गई थी। एक परिवार की इतनी बड़ी जनसंख्या के चलते उनके राज्य की तरफ कोई नजर नही उठा सका।

**देश एक तो धर्म के आधार पर कानून क्यों? :** डॉ. पाराशर ने जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा कि जब भगवान के परिवार में इतने लोग थे तो हम हम दो हमारे दो में क्यों उलझे है? जबकि दूसरे धर्म को देखे तो हम पांच और हमारे 25 सोच रखते है। सोचिए, वर्तमान में हम हमारे त्यौहार बिना डर के नही मना पा रहे, कब कहां से पत्थर आ जाए। उन्होंने कहा अभी अच्छा वातावरण है भारत के भविष्य को सुरक्षित रखना है तो भारत के भाग्य विधाता अभी इस गंभीर समस्या पर निर्णय लें।

## जल आवर्धन योजना का वार्डों में नहीं पहुंच रहा जल, उपनगर में बन रही जल संकट की स्थिति

**बुरहानपुर, ईएमएस।**



142 करोड़ की जल आवर्धन योजना से पूरे शहर को पानी पिलाने का दावा करने वाली जेएमसी कंपनी उपनगर लालबाग के कुछ वार्डों में ही ठीक से जल आपूर्ति नहीं कर पा रही है यहां अनेक वार्डों में जल संकट की स्थिति बनी हुई है जिसको लेकर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव ने आयुक्त को शिकायत भी की है कंपनी के द्वारा ग्राम बसाड़ स्थित इंटेकवैल से अभी पूरे शहर को पानी नहीं सप्लाई किया जा रहा है ।

शहर के अनेक वार्डों में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने का कार्य जारी है उपनगर के कुछ वार्डो को इस योजना के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाना शुरू किया है लेकिन गंदा पानी और बदबूदार होने से क्षेत्र के लोग बीमार हो रहे हैं जबकि यह योजना शुद्ध जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चालू की गई लेकिन बदबूदार जल लोगों के घरों तक पहुंच रहा है कंपनी अभी उपनगर के कुछ वार्डो तक पहुंच पाई है जहां जल संकट की स्थिति बन रही है जब इस योजना को पूरे तरीके से शहर में चालू कर पानी सप्लाई किया जाएगा तो क्या पूरे शहर में जल आपूर्ति ठीक प्रकार से हो सकेगी इस पर सवाल खड़े हो गए हैं जल आवर्धन का पानी उपनगर में मिलने के बाद निगम ने क्षेत्र के ट्यूबवेल बंद कर दिए हैं ऐसे में स्थिति और भी खराब होने की कगार पर है और अब जल्द ही उतावली पंपिंग स्टेशन बंद करने की निगम की तैयारी है ऐसे में शहर की जल आपूर्ति की क्या स्थिति बनेगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है नगर निगम को चाहिए कि जब तक जल आवर्धन योजना का पानी सफलता के साथ सभी वार्डों में हर घर तक नहीं पहुंचे तब तक पुरानी व्यवस्था को चालू रखा जाए !

### देवास में दो दिवसीय पंडित कुमार गंधर्व समारोह का हुआ शुभारम्भ

**देवास, ईएमएस।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी भोपाल द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम देवास के सहयोग से पण्डित कुमार गंधर्व की स्मृति में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित दो दिवसीय पण्डित कुमार गंधर्व समारोह का शनिवार को हुआ।

### बालगढ़ में गांव गैर माता पूजन का सफल आयोजन सम्पन्न, प्रशासन का माना आभार

**देवास, ईएमएस।** बालगढ़ में 12 वर्ष बादगांव गैर माता पूजन का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। गांव गैर माता पूजन में बाहर से आए मेहमानों, माता, बहनों, सभी बुजुर्ग एवं युवा साथी एवं क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिकों, पुलिस प्रशासन ने सुचारु व्यवस्था बनाते हुए आयोजन को सम्पन्न किया। नगर निगम द्वारा जल व्यवस्था, लाइट व्यवस्था एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा।

# आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ




**देवास, ईएमएस।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बागली द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय वांग्योग चेतना पीठम आश्रम बागली में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एवं स्वागत भाषण जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक द्वारा दिया गया जिसमें कार्यक्रम की भूमिका बताई गई।

शंकराचार्य जी के जीवन के उद्देश्य एवं उनके द्वारा रचित स्तोत्र एवं जीवन दर्शन के सम्बन्ध में समाजिक कार्यकर्ता एवं शंकरदूत सोमेश जी उपाध्याय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों कोजानकारी दी।कार्यक्रम में विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के अद्वैत वेदांत के संबंध में बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वांगयोग चेतना पीठम के संचालक वेदाचार्य पंडित कनिष्क द्विवेदी द्वारा अपने उद्बोधन में कहां की आदि शंकराचार्य जी का जन्म केरल प्रांत के कालडि नामक स्थान पर हुआ शंकराचार्य जी जन्म से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। तथा 2 वर्ष की उम्र में ही उनके पिता का देहांत हो गया था तथा माता के द्वारा उनका लालन-पालन किया गया माता से उनका विशेष स्नेह था 8 वर्ष की उम्र में संन्यास लेने की इच्छा प्रकट की तब माता ने मना कर दिया तो स्नान करने गए नदी के घाट पर मगरमच्छ ने उनका पैर पकड़ लिया। माता से कहा कि माता यदि तुम मुझे संन्यास की अनुमति दोगी तो यह मगरमच्छ मुझे छोड़ देगा ऐसा कह कर माता से अनुमति लेकर 8 वर्ष की उम्र में संन्यास की दीक्षा ली मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में में आपने गुरु श्री गोविंद पादचार्य के सानिध्य में आकर सन्यास ग्रहण किया तथा ओंकारेश्वर में कई ग्रंथों पर भाष्य लिखे संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए चारों दिशाओं मेंचार मठों की स्थापना की आदि गुरु शंकराचार्य जी का जीवन हमारे लिए हमेशा प्रेरणास्पद रहेगा।संचालन राजेंद्र सिंह सेंधव द्वारा किया। आभार प्रदर्शन गोकुल राठौर ने किया। कार्यक्रम में परामर्शदाता अशोक भाटी, कमल किशोर शर्मा, सत्यनारायण व्यास, सत्तू भैया, चंदर सिंह डोडवे, सार्थक दाधीच विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शहरी क्षेत्र में खुलेआम हो रहा है घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक दुरुपयोग आपूर्ति अधिकारी बेखबर

## जिला मुख्यालय एवं जिला न्यायालय के सामने



**सागर, ईएमएस।** शहर के विभिन्न क्षेतरों में खुलेआम घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग होटलों, ढाबों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिषठानों में किया जा रहा है, जो कि स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है। घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए अनुदानित (सब्सिडी पर) प्रदान किए जाते हैं, जबकि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अलग कॉमर्शियल सिलेंडरों का प्रावधान है। स्थानीय नागरिकों द्वारा इस गंभीर मामले की सूचना आपूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारी को दी गई, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगता है और साथ ही सार्वजनिकसुरक्षा से भी खिलवाड़ हो रहा है। गौरतलब है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न केवल अवैध है, बल्कि यह अग्निसुरक्षा मानकों का भी उल्लंघन करता है। यह स्थिति किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जाती है कि इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

## फटाफट खबरें

### आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी भव्य भगवान जगदीश की रथ यात्रा

**सीहोर, ईएमएस।** शहर में लंबे समय से जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इसके लिए यहां पर परमार समाज के साथ श्रद्धालु तैयारियां में जुटे हुए। तैयारियां पूर्ण हो गई है। रथ यात्रा के साथ यहां पर भगवान की मूर्तियों को सजाया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर की सजावट का कार्य चल रहा है। वही रविवार को समाजजनों ने रोलूखेडी सहित अन्य गांवों में पहुंचकर प्रचार-प्रसार किया। हर साल की तरह इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और आगामी 27 जून को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार और अन्य समाजजनों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में समाजजनों से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही है।

### आबकारी विभाग ने बरोठा में कार्रवाई कर 8 प्रकरण दर्ज किए

**देवास, ईएमएस।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल द्वारा ग्राम बरोठा में कार्रवाई की। सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि आबकारी विभाग के दल द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, वि य एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत दिनांक 10 मई 2025 को आबकारी की सयुंक्त टीम ने ग्राम बरोठा एवं आसपास के जंगल, नाले में सर्चिंग की गई। जिसमें 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2800 किलो ग्राम महुआ लाहन तथा एक मोटर साइकिल जप्त की गई कुल 08 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है। जप्त मदिरा एवं वाहन का मूल्य लगभग 348000 हजार रुपये है।

**कार्रवाई में जप्त मदिरा एवं वाहन का मूल्य लगभग 348000 रुपये**

▸ नेशनल लोक अदालत में 2903 प्रकरणों का निराकरण कर 76231299 रु. के अवार्ड पारित किए गए

# प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ उठाएं : प्रधान जिला न्यायाधीश




**देवास, ईएमएस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास श्री अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई 2025 शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर इस वर्ष की द्वितीय 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास श्री अजय प्रकाश मिश्र द्वारा दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अजय प्रकाश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने पर उभयपक्ष प्रसन्न रहते हैं तथा उनके घरों में खुशियों का संचार होता है। तथा अपील की गई कि अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करें। साथ ही खंडपीठ के पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण को लोक अदालत में अधिक से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लोक अदालत प्रभारी सुश्री सुमन श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि- लोक अदालत न्याय पाने का सबसे आसान एवं उत्तम माध्यम है। इसका लाभ उठाएं। नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआईएक्ट, चैक बाउन्स, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल आदि विषयक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय देवास एवं तहसील स्तर पर सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द एवं बागली में 39 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया।

श्री अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश, सुश्री सुमन श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एवं श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल, बीमा कंपनी के स्टॉल पर जाकर तथा खंडपीठों का भ्रमण कर समस्त संबंधित अधिकारीगण को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया। राजीनामा करने वाले पक्षकारगण को स्मृति स्वरूप फलदार और फूलों के पौधे भेंट किये गये एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

### नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की जानकारी

श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में संपूर्ण जिले में गठित 39 न्यायिक खंडपीठों में न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में आपराधिक प्रकरण 290, चैक बाउन्स 173, फैमेली मेटर्स 29, विद्युत 99, विविध 92, सिविल के 20, क्लेम के 27 प्रकरण, बैक के मामले कुल 730 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें राशि रू. 6,37,67331/-लगभग के अवार्ड की गई एवं 1704 लोग लाभांवित हुए। निराकृत 27 क्लेम प्रकरणों में राशि रू 89,30,000./- के अवार्ड आपसी समझौते के आधार पर पारित किए गए।

### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिरोंज, ईएमएस।** नगर के लटेरी रोड स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 26 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण प्रारंभ हो गया है। तो वही इच्छुक अभ्यर्थी 01 मई 2025 से 01 जून 2025 तक ऑनलाइन या महाविद्यालय में आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। संस्था में प्रवेश के लिए न्यूनतम अहर्ता 10वीं उत्तीर्ण है। साथ ही प्रवेश के लिए पात्रता, संस्था में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग,मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग हेतु आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियों के संबंध में अधिक जानकारी महाविद्यालय में एवं महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

संस्था में समस्त वर्गों के पात्र विद्यार्थियों के लिए शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की पात्रता के साथ साथ शत प्रतिशत रोजगार की व्यवस्था भी रहेगी। ज्ञात हो कि संस्था के विभिन्न विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय स्तर पर तथा शासकीय-अशासकीय उपक्रमों के कार्यरत है। वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सर्वाधिक अवसर है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जल चौपाल का आयोजन हुआ



**सिरोंज, ईएमएस।** रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया द्वारा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर ग्राम पंचायत प्याराखेड़ी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्था प्रमुख देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया की मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 30 अप्रैल से से चल रहा है जो की 30 जून तक चलेगा इसके अंतर्गत कुआं बाबडी आदी जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाना है

जल संरक्षण व संवर्धन के लिए वर्षा जल संग्रह करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई और उनके संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जल के महत्व पर संवाद, संगोष्ठी, परिचर्चा, रैली, शपथ, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था लोगों में जागरूकता का कार्य कर रही है

जल चौपाल में ग्रामीण शेर सिंह लोधी ने बताया की हम सभी को जल संरक्षण का कार्य अपना कार्य मानकर करना है वहीं रामसेवक लोधी ने बताया की जैंसे हमारे गांव में नल जल योजना है उसकी टोंटी खुली न छोड़ें पानी व्यर्थ बर्बाद न होने दें विवेक लोधी ने भी अपने अपने विचार रखते हुए बताया की आज भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है ये चिंता का विषय है इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है हम सभी आज संकल्प लेकर जायें की हम जल संरक्षण के लिए खुद के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गरवधा तालाब में जल चौपाल एवं श्रमदान



**मैहर, ईएमएस।**

नगर पालिका परिषद मैहर के सहयोग से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर राजेश तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह के नेतृत्व में नवांकुर संस्थाओं, स्वेक्षिक संगठनों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, परामर्शदाता वीएस डब्लू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर पालिका परिषद के सफाई मित्रों की सहभागिता में जल चौपाल एवं तालाब की सफाई गरवधा तालाब मैहर में की गई । जिसमें नाव के माध्यम से तालाब के अंदर के कचरे को सफाई मित्रों द्वारा किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान में पार्षद नरेश चौधरी, इंद्रजीत सिंह मैनी, संजय जादवानी, अरुण तनय मिश्रा, मनोज शुक्ला, दीप्ती सिंह, अजय मिश्रा,जगनंदन गर्ग, राजकुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार पटेल , कल्पना सिंह, पुनीत मैनी एवं सुमित बड़गइया की उपस्थिति रही।

### भारत की संप्रभुता,एकता,अखंडता और सैन्यबलों की दीर्घायुता के लिए चर्चा में हुई विशेष प्रार्थना जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी हुए शामिल

**सागर, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात के बीच सागर के सेंट पॉल ई एल चर्च (स्वीडिश मिशन) सागर में आज रविवार को विशेष प्रार्थना हुई। जिसमें भारत की संप्रभुता,एकता, अखंडता के लिए? एवं देश की सुरक्षा के लिए मुस्तैद हमारे भारतीय सैन्य बलों की दीर्घायुता एवं उनके शौर्य की वृद्धि और सफलता एवं देश के समस्त नागरिकों के लिए रेंव्हरेड जयंत सिंह मैथ्यूज द्वारा परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस विशेष प्रार्थना के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी,जनभागीदारी अध्यक्ष नितिन बंटी शर्मा,रेव्हरेंड एस केघोष ,पास्टर राहुल यादव,पंचायत सदस्य श्री व्ही वायक्लिफ,बसंत जोसफ,नवनीत ऑस्टिन,सुदेश राघव,ई वाय कुमार (चर्च सचिव) अंशुल परिहार,सुमित यादवशालीन सिंह एवं बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

# सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं : मुख्य सचिव




**सीधी, ईएमएस।**

देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जिलों में सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सिविल डिफेंस कार्यक्रम व्यवस्थित करें तथा सजगता और सतर्कता बरतें। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियाँ दुरूस्त रखते हुए वर्नलेवल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजनानुसार व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में सायरन सभी को सुनाई दे। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभागीय समीक्षा प्रतिदिवस की जायेगी। मुख्य सचिव ने सिविल डिफेंस अधिनियम के तहत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों के नामांकन भर्ती के निर्देश देते हुए कहा कि उनका प्रारंभिक प्रशिक्षण करायें ताकि आपदा प्रबंधन के समय इनकी उपयोगिता व भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 स्वयंसेवकों व प्रत्येक नगरीय निकाय वार्डो से 2 से 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाये जांय। इनमें भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, एनएसएस के सदस्य व निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को प्राथमिकता दी जाय।

एन.आई.सी. में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलष द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक गायत्री तिवारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशुतोष द्विवेदी, रोशनी ठाकुर, जिला होमगार्ड कमांडेंट सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रम में माताओं के सम्मान में मदर्स-डे का आयोजन किया




**सीहोर, ईएमएस।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को वृद्धाश्रम में माताओं के सम्मान में मदर्स डे का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम में रहने वाली माताओं के लिए यह एक खास दिन था, जहां उन्हें विशेष महसूस कराया गया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ने कहाकि मदर्स डे हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। यह दिन माताओं को उनके समर्पण, प्यार और त्याग के लिए धन्यवाद देने का एक अवसर है। मदर्स डे माताओं को यह महसूस कराने का एक तरीका है कि वे अभी भी महत्वपूर्ण हैं और उन्हें सम्मान प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, अमित जैन, आकाश राय, बाबू सिंह, कमलेश राय सहित अन्य ने यहां पर मौजूद दो दर्जन से अधिक वृद्ध महिलाओं का सम्मान किया।

# नालियों के निर्माण से मिलेगी जल भराव से मुक्ति, साढ़े बारह लाख की सौगात

**नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिए**

**सीहोर, ईएमएस।** नगर में लम्बे समय से जलभराव की समस्या के अब खत्म होने के दिन आ गए हैं। नगर पालिका परिषद ने इस समस्या पर योजना पर तेजी से काम चल रहा है। बारिश से पहले नगर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इसको लेकर बीते दिन करीब दो करोड़ से अधिक की लागत से नालियों के निर्माण कराए गए है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वार्ड क्रमांक 21 के अंतर्गत टीआईटी में उमेश चौरासिया के घर से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यहां पर करीब साढ़े बारह लाख की लागत से नाली का निर्माण कार्य होना है। इस मौके पर मातृ शक्तियों की उपस्थित में वार्ड पार्षद कमलेश कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में पूर्व में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान परिषद के दौरान वार्ड में करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए है। क्षेत्र में नालियों के निर्माण के अलावा आवश्यकतानुसार सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। रविवार को वार्ड क्रमांक 21 के अंतर्गत टीआईटी कालोनी में भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि भाजपा शासन काल में तेजी से विकास कार्य हो रहा है। हमें शहर की स्वच्छता के साथ ही विकास कार्य में आगे आना चाहिए।

▸ 1776 पक्षकारों को लांभावित कर 3 करोड़ 83 लाख 96 हजार 884 रुपये की राशि का अवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत में 1189 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**नरसिंहपुर, (ईएमएस)।** नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शनिवार को किया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया। न्यायालय में लंबित कुल प्रकरणों में कुल 415 प्रकरणों का आपसी राजीनामे एवं सहमति से निराकरण किया गया और 863 व्यक्तियों को लांभावित किया। इस दौरान 3 करोड़ 8 लाख 94 हजार 230 की अवार्ड राशि पारित की गई। नेशनल लोक अदालत द्वारा बीएसएनएल, नगर पालिका, बैक एवं विद्युत विभाग इत्यादि से संबंधित कुल 774 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण उपस्थित पक्षकारो के राजीनामे के माध्यम से किया गया। इस दौरान 75,02,654 रुपये प्रतिकर/ वसूली राशि पक्षकारों से प्राप्त की जाकर 913 पक्षकारों के प्रकरणो का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त नेशनल लोक अदालत द्वारा कुल 1189 लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणो के निराकरण के अधीन कुल अवार्ड/वसूली 3 करोड़ 83 लाख 96 हजार 884 रुपये प्राप्त हुई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के एडीआर सेंटर में आयोजित नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला ने नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण को दोनों पक्षकारो की जीत बताया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों व अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण में विशेष प्रयास करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान किया। अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ मुकेश शर्मा द्वारा भी अपने उद्बोधन में लोक अदालत में अधिवक्ताओं के पूर्ण सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। उक्त नेशनल लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा के द्वारा कुल 24 राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरणो का निराकरण किया गया। पीठासीन अधिकारी के विषेश प्रयासो से एक पति-पत्नी के परस्पर विवाद का सौहार्द्रपूर्ण समझौता कराया गया। जिसमें ललित चौधरी ग्राम लौकीपार थाना स्टेशनगंज व पत्नी श्रीमती मीना चौधरी ग्राम श्रीनगर, पुलिस चौकी झौतेश्वर के प्रकरण में पीठासीन अधिकारी के समझाईश पर उभयपक्ष पुनः दांपत्य संबंधों की रक्षा करने व निर्वाहन करने हेतु वचनबद्ध हुये और राजीनामा सफल रहा। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा, जिला न्यायाधीश श्रीमती कीर्ति कश्यप, श्रीमती ज्योति मिश्रा, आलोक मिश्रा, नीतिराज सिसोदिया, वैभव सक्सेना, राममनोहर सिंह दांगी, सीजेएम राकेश सनोडिया, सचिव जिला प्राधिकरण दिनेश मीणा, जिला रजिस्ट्रार राधाकृष्ण यादव एवं अन्य समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एएसपी संदीप भूरिया, सचिव जिला अधिवक्ता संघ सुलभ जैन, लोक अभियोजक धर्मेन्द्र ममार, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुधीर दुबे, प्रमोद काछी सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल, कार्यपालन अभियंता अमित चौहान, सहायक अभियंता प्रसून शर्मा, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण के साथ ही अन्य विभागों के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# बाजार में बिक रही एक्सपायरी नमकीन पर खाद्य अधिकारी की चुप्पी, उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़

**सागर, ईएमएस।**




**विशेष अधिकारी ने सूत्र से की कार्यवाही में शामिल होने की बात**

शहर के स्थानीय बाजारों में खुलेआम एक्सपायरी डेट पार कर चुकी नमकीन और खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है। इस संबंध में जागरूक नागरिकों द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी को कई बार सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने खुद कुछ दुकानों पर एक्सपायर्ड नमकीन बिकते हुए देखा और इस बारे में फोटो और विवरण संबंधित विभाग को सौंपा, लेकिन इसके बावजूद अधिकारी मौन हैं। यह स्थिति उपभोक्ताओं की सेहत के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री का सेवन कई बार स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जिसमें फूड पॉइज़निंग, एलर्जी और पेट संबंधी गंभीर बीमारियाँ शामिल हैं। प्रशासन की निष्क्रियता से दुकानदारों के हौसले बुलंद हं और उपभोक्ताओं की सुरक्षा को खतरा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि खाद्य विभाग तुरंत सख्त कार्रवाई करे, दोषी दुकानदारों पर जुर्माना और कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न दोहराई जाए।

### विराट को लेकर काउंटी क्रिकेट का वीडियो देखकर भड़के प्रशंसक

लंदन (ईएमएस)। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से जहां प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने की अपील कर रहे हैं। वहीं इंग्लैंड के 'काउंटी क्रिकेट' ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर उनके प्रशंसकों पर कटाक्ष किया है। इस वीडियो में वह बोल्ड और विकेट के पीछे आउट होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### रायुडू ने की विराट से संन्यास नहीं लेने की अपील

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिये। रायुडू के अनुसार विराट में अभी काफी क्रिकेट बाकी है और उनके बिना टेस्ट क्रिकेट पहले की तरह नहीं रहेगा। इसलिए उन्हें अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिये। साथ ही लिखा, आपके पास अभी बहुत कुछ देने को है।

# मंधाना की रिकार्ड शतकीय पारी से महिला टीम सीरीज जीती

## श्रीलंका को फाइनल में 97 रनों से हराया





कोलंबो (ईएमएस)।

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के रिकार्ड शतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज जीत ली है। भारतीय टीम ने रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में श्रीलंकाई टीम को 97 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने सात विकेट पर 342 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम केवल 245 रनों पर ही आउट हो गयी।

इस मैच में मंधाना ने 101 गेंदों पर 15 चौके और दो छक्के लगाकर 116 रन की शानदार पारी खेली। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी उन्होंने अर्धशतक लगाया था। उन्होंने श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु के खिलाफ लगातार चार चौके लगाकर एकदिवसीय करियर का 11वां शतक पूरा किया। इस मैच में मंधाना ने एक साथ कई रिकार्ड अपने नाम किये। इसमें अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट के फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकार्ड है। वहीं एकदिवसीय में वह सबसे ज्यादा चौके व छक्के लगाने वाली बल्लेबाज भी बनी हैं। इस मैच में सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 30 के साथ मंधाना ने 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी टूटने के बाद तेजी से रन बनाये। उन्होंने शानदार स्वीप शॉट लगाकर अपना अर्धशतक लगाया। मंधाना ने हरलीन देओल 47 रन के साथ साथ दूसरे विकेट के लिए 106 गेंद में 120 रन बनाये।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर काउपर का निधन

**सिडनी (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर बॉब काउपर का निधन हो गया है। काउपर 84 के थे और उम्र से जुड़ी परेशानियों का सामना कर रहे थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने उनके निधन पर दुख जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्ति की है। काउपर के नाम एक अनौखा रिकॉर्ड है। वह अपनी घरलू जमीन पर टेस्ट मैच में तिहरा शतक लगाने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने साल 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 27 टेस्ट मैच खेले। उनके टेस्ट करियर का सबसे शानदार प्रदर्शन 1965/66 एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली 307 रनों की शानदार पारी थी। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी बल्लेबाज का टेस्ट में पहला तिहरा शतक था। केवल सात ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ही अभी तक टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाचया है। उनमें काउपर भी एक हैं। काउपर ने अपने टेस्ट करियर के दौरान 46.84 की औसत से कुल 2,061 रन बनाए, जिसमें पांच शतक भी शामिल हैं। उन्होंने 28 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोष्णा कर दी थी। वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मैच रेफरी भी रहे हैं। सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने में कहा, बॉब एक शानदार बल्लेबाज थे।

# भारत-पाक तनाव के बीच एशिया कप पर संकट

## बीसीसीआई को आईपीएल पूरा करने का मिल सकता है मौका




नई दिल्ली (ईएमएस)।

एशिया कप 2025 की मेजबानी इस बार भारत को मिली है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति ने इस टूर्नामेंट के आयोजन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह से सीमा पर तनाव बढ़ा है, उसमें यह संभावना बेहद कम नजर आ रही है कि इस साल एशिया कप का सफल आयोजन हो पाएगा। अगर भारत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से इनकार कर देता है, तो एशिया कप के आयोजन की संभावना लगभग खत्म मानी जा रही है, क्योंकि भारत के बिना इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

बीसीसीआई पहले ही आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर चुका है। इस बीच धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को ड्रोन हमलों और ब्लैकआउट की स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया था, जिससे लीग की सुरक्षा चिंताओं को और बल मिला। अगर आने वाले दिनों में हालात सामान्य नहीं होते हैं, तो यह आशंका है कि आईपीएल 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ सकता है। हालांकि, ऐसे संकटपूर्ण समय में बीसीसीआई को एक संभावित राहत अगस्त-सितंबर की विंडो के रूप में मिल सकती है।

यदि एशिया कप रद्द होता है, तो बीसीसीआई उस समय का उपयोग आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों को पूरा करने के लिए कर सकता है। इस समयावधि में भारतीय टीम का कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर शेड्यूल नहीं है, जिससे बोर्ड के पास लीग को दोबारा शुरू करने के लिए पर्याप्त समय और संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं। बीसीसीआई पहले ही कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों को वैकल्पिक वेन्यू के तौर पर चिन्हित कर चुका है, जहां सुरक्षा स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालात किस दिशा में जाते हैं। यदि तनाव कम होता है तो टूर्नामेंट अपनी तय योजना के अनुसार पूरा किया जा सकता है, लेकिन अगर नहीं, तो एशिया कप की संभावित रद्दी से बीसीसीआई को आईपीएल 2025 को नया जीवन देने का सुनहरा मौका मिल सकता है।

# पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे खराब शॉट का चयन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे उनका खराब शॉट चयन, मानसिक दबाव और टीम की कमजोर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल रहे ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इस सीजन में पंत अपनी बल्लेबाजी से कोई खास असर नहीं छोड़ पाए हैं। वह लगातार फ्लॉप हो रहे हैं और टीम भी उनकी कप्तानी में जूझती नजर आ रही है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में लखनऊ



सुपर जायंट्स सिर्फ 5 मैच जीत सकी है और प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में एक और हार से टीम की पूरी उम्मीदें समाप्त हो सकती हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत बार-बार गलत शॉट चयन के चलते आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप हर बार मुश्किलों से बाहर नहीं निकल सकते। पंत पर अपनी छवि को बनाए रखने का दबाव है जो उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है।

# इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे विराट, टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा

नई दिल्ली,(ईएमएस)।

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। ऐसे में उनके इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा बनने की संभावना कम है। हालांकि, बीसीसीआई के एक उच्च अधिकारी ने कोहली से इस फैसले पर दोबारा सोचने को कहा है। अब देखना होगा कि चयन समिति जब इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान करेगी, तब कोहली के भविष्य को लेकर क्या फैसला होता है।

विराट से पहले रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। 7 मई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और रेडबॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। हालांकि वनडे



इंटरनेशनल क्रिकेट में मैच खेलते रहेंगे, जो उनका मजबूत पक्ष रहा है।

रोहित शर्मा की तरह विराट कोहली ने भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में रोहित और कोहली की जोड़ी क्रिकेट फैन्स को वनडे में खेलती हुई दिखेगी। वहीं दोनों वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट में खेलते हुए दिखे, जिसे फिलहाल भारत-पाकिस्तान के तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था।

भारत के चयनकर्ता कुछ दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मिलने वाले हैं। यह जानकारी मिली है कि कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अपने टेस्ट भविष्य पर विचार कर रहे थे, जब उन्होंने पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद खराब प्रदर्शन किया था।

36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार मिली थी। कोहली ने सीरीज के पहले मैच में शतक जरूर लगाया था, लेकिन इसके बाद वह संघर्ष करते दिखे थे। कोहली ने तब उस सीरीज के 5 मुकाबलों की 9 पारियों में 23.75 के एवरेज से महज 190 रन बनाए थे। इसमें पर्थ में जड़ा गया 100 रनों का नॉट आउट शतक भी शामिल था। कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था।

# लारा बोले, विराट अभी संन्यास न लें



जमैका (ईएमएस)।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लें। लारा के अनुसार विराट जैसे खिलाड़ी हर पीढ़ी में एक बार ही आते हैं। उनकी तकनीक, जुनून और समर्पण टेस्ट क्रिकेट को जीवंत बनाए रखता है। इसलिए मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने फैसले पर फिर से विचार करें क्योंकि विश्व क्रिकेट को अभी उनकी जरूरत है। लारा के अनुसार विराट के होने से युवा खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। वहीं विराट ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल से संन्यास लेना चाहते हैं।

## फटाफट खबरें

### बाजार में इस हफ्ते 14 कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाली 14 कंपनियां, इस हफ्ते नजर आ रही हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पीएसयू स्टॉक बीईएमएल भी इस सूची में शामिल हैं। 13 मई को आईआरबी इनविट फंड, आईएफजीएल रेफैक्टरिज लिमिटेड, और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड डिविडेंड जारी करने का फैसला लिए हैं। 14 मई को आर सिस्टम्स इंटरनेशनल लिमिटेड, फेस्को इंडिया लिमिटेड, और बीएसई लिमिटेड भी एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगी। आर सिस्टम्स इंटरनेशनल लिमिटेड इन्वेस्टर्स को 6 रुपये का डिविडेंड देगी, जबकि फेस्को इंडिया लिमिटेड 25 रुपये का वितरण करेगी। 15 मई को, ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड, मण्णापुरम् फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, और पीएसयू कंपनी बीईएमल डिविडेंड देने के लिए तैयार होंगी।

### खाद निर्माता कंपनी कोरमंडल हर शेयर पर देगी 9 रुपए

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** खाद उत्पादक कंपनी कोरमंडल ने मार्च 2025 में समाप्त तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी का प्रदर्शन इस साल काफी अच्छा रहा है। मार्च तिमाही में कंपनी का राजस्व 5,114 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही के 3,996 करोड़ रुपये से काफी ज्यादा है।

### 2024 में जिस सीपीओ का दाम 1,310 डॉलर प्रति टन था वह घटकर 1,025–1,030 डॉलर टन रह गया

# आवक घटने और मांग बढ़ने से तेल-तिलहन कीमतों में तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)।

बीते सप्ताह मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहन के भाव तेजी के साथ बंद हुए। इसके बावजूद मूंगफली और सोयाबीन का हाजिर दाम अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम है। बाजार सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में जो सुधार देखा गया वह पिछले सप्ताह की कीमत के मुकाबले जरूर आया है पर इसे सुधार कहना अनुचित होगा। जैसे नवंबर, 2024 में जिस सीपीओ का दाम 1,310 डॉलर प्रति टन था वह घटकर 1,025-1,030 डॉलर टन रह गया



है। अब अगर सीपीओ का मौजूदा दाम बढ़कर 1,035-1,040 डॉलर हो जाये तो इसे 'तेल कीमतों में भारी तेजी' बताना सही नहीं होगा। संभवतः इसी तरह की समीक्षाओं की वजह से भी देश के तेल-तिलहन उत्पादन को आघात पहुंचा है और देश खाद्य तेलों के मामले में आयात पर निर्भर होता चला गया है। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में दाम टूटने के बीच कच्चे पाम तेल (सीपीओ) की मांग बढ़ने लगी है। मलेशिया में सीपीओ का उत्पादन बढ़ने का समय है और उम्मीद है कि इसका दाम सोयाबीन तेल से और घटेगा और उसके बाद इसकी मांग में अभी के मुकाबले और सुधार होगा। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 185 रुपये के सुधार के साथ 6,460-6,560 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि, सरसों दादरी तेल का थोक भाव 675 रुपये के सुधार के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,435-2,535 रुपये और 2,435-2,560 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 125-125 रुपये सुधार के साथ क्रमशः 4,600-4,650 रुपये और 4,300-4,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# सेंसेक्स की प्रमुख आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.60 लाख करोड़ घटा

### शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

नई दिल्ली (ईएमएस)।



बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। शेयर बाजार में गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक नुकसान में रही है। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 59,799.34 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ रुपये घटकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 27,062.52 करोड़ रुपये घटकर 14,46,294.43 करोड़ रुपये, एसबीआई का मूल्यांकन 18,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,95,584.89 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 13,798.85 करोड़ रुपये घटकर 5,36,927.95 करोड़ रुपये, आईटीसी का मूल्यांकन 8,321.89 करोड़ रुपये घटकर 5,29,972.97 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,138.29 करोड़ रुपये घटकर 10,53,891.62 करोड़ रुपये और टीसीएस के मूल्यांकन में 578.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,45,418.09 करोड़ रुपये रह गया।

# इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

**मुंबई (ईएमएस)।** भारत और पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव की वजह से बीते सप्ताह लगभग डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों की धारणा पर इसका सीमित प्रभाव देखने को मिला है। इस वर्ष अप्रैल में निरंतर विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) और रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दिया, जिससे बाजारों में स्थिरता बनी रही। कमजोर अमेरिकी डॉलर और स्थिर कच्चे तेल की कीमतों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। भारत-ब्रिटेन के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की सकारात्मक चर्चा ने विशेष रूप से कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी को समर्थन दिया। वैश्विक स्तर पर भी संकेत उत्साहवर्धक रहे हैं। अमेरिका की फेडरल रिजर्व ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की नीतिगत बैठक के सतर्क रुख के बावजूद अमेरिका और चीन व्यापार वार्ता की संभावित बहाली तथा अमेरिका और ब्रिटैन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया। इसके साथ ही पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा ब्याज दरों में कटौती के फैसले ने क्षेत्रीय बाजारों में सकारात्मक रुख को बढ़ावा दिया, जिससे निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ। बाजार की इस सप्ताह दिशा निर्धारित करने में घरेलू स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि मुद्रास्फीति के दबाव में कुछ नरमी देखने को मिल सकती है। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव एक महत्वपूर्ण जोखिम बना हुआ है। बावजूद इसके बाजार को उम्मीद है कि भारत की कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति इस संकट को जल्द सुलझा लेगी।

# चालू वित्त वर्ष में भी दोपहिया वाहनों की बिक्री में रहेगी तेजी: टीवीएस मोटर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ ने कहा है कि आयकर में छूट, बुनियादी ढांचे पर खर्च में वृद्धि और सामान्य मानसून की उम्मीदों से घरेलू दोपहिया वाहन उद्योग में चालू वित्त वर्ष में भी वृद्धि की रफ्तार कायम रहने की उम्मीद है। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2024-25 में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण आठ प्रतिशत बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हो गया, जबकि 2023-24 में यह 1,75,27,115 इकाई था। कंपनी अधिकारी ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा ?कि हमें उम्मीद है कि घरेलू बाजार में कुल मिलाकर वृद्धि की गति पिछले साल की तरह ही रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही बिक्री के मामले में मध्यम हो सकती है, लेकिन मई और जून में बिक्री मजबूत रहने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों माह के दौरान कई शादी-विवाह के दिन हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगभग 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित

**भोपाल,ईएमएस।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ था।



### भोपाल के सभी नाले-नालियों का वृहद सफाई अभियान शुरू:मंत्री सारंग

**भोपाल,ईएमएस।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल शहर में नाले-नालियों की वृहद रुप से साफ-सफाई अभियान अंतर्गत नरेला विधानसभा के प्रभात चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मानसून में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए वृहद रूप से सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भोपाल शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी।



## फटाफट खबरें

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर दीं बधाई

**भोपाल,ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में आज के ही दिन पोखरण-II का सफल परीक्षण किया गया था। इस गौरवशाली अवसर पर देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का स्मरण करते हुए उन विभूतियों को बारम्बार प्रणाम। उनके संकल्प व समर्पण से हमारा राष्ट्र, प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों में नित नए अध्याय जोड़ रहा है।

### न्यायाधीशों के लिये इंदौर में बनेगा गेस्ट हाउस, सीएम ने किया भूमिपूजन

**भोपाल,ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इंदौर में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेसीडेन्सी कोठी परिसर इंदौर में गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एससी शर्मा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं निर्माण समिति के चेयरमैन संजीव सचदेवा मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह में उच्च न्यायालय के एडमिनिस्ट्रेटिव जज विवेक रुसिया, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल धर्मेन्द्र सिंह, न्यायामूर्ति आनंद पाठक सहित उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति एवं एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में मप्र चौथे स्थान पर

**भोपाल,ईएमएस।** बिहार में 4 मई से शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाडि़यों का दमदार प्रदर्शन लगातार जारी है। शनिवार को प्रदेश को शॉट गन शूटिंग में एक और कांस्य पदक मिला, जिसके साथ मध्यप्रदेश की कुल पदकों की संख्या 20 हो गई है। वर्तमान में प्रदेश 9 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। खेल अकादमी की ओश्मि श्रीवास ने स्कीट शूटिंग (महिला वर्ग) में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। अब तक शूटिंग में मध्यप्रदेश को 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक मिल चुके हैं। इस प्रदर्शन के दम पर प्रदेश ने शूटिंग खेल में ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया है। महिला हॉकी में भी मध्यप्रदेश की बेटियों ने दमदार खेल दिखाया। शनिवार को खेले गए लीग मुकाबले में म.प्र. की महिला टीम ने हिमाचल प्रदेश को 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ टीम ने अपने पूल में टॉप पोजिशन हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश के खिलाडि़यों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी देशभर में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है।

### मोहन 'राज' की रणनीति साफ है कोरी घोषणाओं से परहेज

# घोषणाएं कम...काम अधिक

**भोपाल, ईएमएस।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अब तक के कार्यकाल का आकलन किया जाए तो यह तथ्य सामने आता है कि उनकी रणनीति साफ है कि जो कहना है, वह करना है। उनकी सरकार भी इसी मंत्र पर काम कर रही है। यानी मोहन 'राज' की रणनीति है...घोषणाएं कम...काम अधिक। अपने अब तक के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कोरी घोषणाएं करने से परहेज करते नजर आए हैं। उनका पूरा फोकस प्रदेश में एक समान और संतुलित विकास पर है। इसलिए वे केवल वहीं घोषणाएं कर रहे हैं जिसे अमलीजामा पहनाया जा सके। इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का क्रियान्वयन भी कुछ दिनों में शुरू कर दिया जाता है। मोहन यादव ने कई मायनों में यह साबित कर दिया कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा का फैसला दूरदर्शी था। चुनौतियां कई थीं, पर उन्होंने काल के प्रवाह में इन फैसलों को मजबूती में बदलकर नेतृत्व के फैसले को सही साबित किया। शहर से ग्रामीण व्यवस्था तक हर मोर्चे पर सरकार ने अपना विजन बनाकर काम शुरू किया। जो काम प्रदेश में 20 साल में भी नहीं हुए थे उन पर सरकार ने सबसे ज्यादा फोकस किया।

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले डॉ. मोहन यादव ने डेढ़ साल के भीतर प्रदेश में विकास कामों से जुड़ी सिर्फ 611 ही घोषणाएं की हैं। भाजपा के ही पूर्व मुख्यमंत्री की तरह उन्हें अभी तक घोषणा वीर का तमगा नहीं मिला है। मोहन किसी भी काम या योजना की घोषणा तभी करते हैं, जब उसके जल्द पूरी होने की संभावना हो, इसलिए डेढ़ साल में की गई घोषणाओं में 150 पूर्ण भी हो गई है। इससे उनका विजन और काम करने का तरीका प्रशंसा के काबिल बन जाता है। मोहन सरकार में अगर सबसे अधिक खुश कोई वर्ग है तो वह है कर्मचारी। सरकार ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने की घोषणा तो की है साथ ही उनके क्रियान्वयन की दिशा में भी काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अगुवाई वाली सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) को 55 प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान कर दिया है, जिसके आदेश वित्त विभाग ने 7 मई को जारी कर दिए। यह बढ़ोतरी 1 मई से लागू होगी, और कर्मचारियों को जून के वेतन के साथ इसका लाभ मिलेगा। न केवल सातवें वेतनमान वाले कर्मचारी और पेंशनर्स, बल्कि छठवें वेतनमान वाले कर्मचारियों को भी इस तोहफे का फायदा मिलेगा।



611 में से 150 घोषणाएं पूर्ण

मप्र का मुख्यमंत्री बने डॉ. मोहन यादव को 508 दिन हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर में दौरे भी किए और करोड़ों की लागत के विकास कामों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया है। लेकिन अभी तक उन्हें घोषणा वीर मुख्यमंत्री बनने का तमगा नहीं मिला। वैसे उन्होंने भी इस दौरान 611 घोषणाएं कीं और यह घोषणाएं शहरों का विकास, सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण, स्कूल भवनों का विकास, छोटे शहरों, कस्बों का नाम परिवर्तन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से जुड़ी घोषणाएं की है। 611 में से अधिकांश घोषणाएं स्कूल हो या शहरों के नाम बदलने की हैं। इनमें से 150 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 461 अभी लंबित हैं।

### तीन महीने में पूरी की जा रही घोषणाएं...

भाजपा सरकार में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे उमा भारती, बाबूलाल गौर के समय हर दिन 15 से 20 घोषणाएं की जाती रही हैं। खासकर तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह के समय काफी घोषणाएं हुई थीं। उनके कार्यकाल में घोषणाओं की संख्या 15 से 20 हजार के बीच थी। बाद में वे पूरी भी कराई गई, लेकिन शिवराज को तत्कालीन समय में घोषणा वीर का तमगा विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने दिया था? कमलनाथ ने तो इस मुद्दे पर कई बार शिवराज के खिलाफ ट्वीट भी किए, लेकिन मोहन के समय में ऐसी घोषणाओं की अभी तक बारिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री के नाते मोहन यादव प्रदेशभर में दौरे कर रहे हैं और वे जहां भी लोकार्पण, शिलान्यास करते हैं, उनमें से अधिकांश काम विधायकों की अनुशंसा पर किए जा रहे हैं। वर्तमान में अधिकांश लोकार्पण सीएम राइज स्कूल को लेकर हो रहे हैं। इस दौरान विधायक मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्या, बिजली, पानी, सड़कों को लेकर घोषणा करने की मांग करते हैं, तो सीएम यादव विधायक से कहते हैं कि अगली बार क्या मुझे नहीं बुलाएंगे? अभी इतनी ही घोषणा काफी है, जो जल्द पूरी हो सके। अगली बार आएंगे, तो अन्य घोषणाओं पर बात करेंगे। इसके कारण भी घोषणाओं की संख्या में वृद्धि नहीं हुई हैं।

### युवाओं का जुनून बना 'अग्निपथ'

## देश की सेवा के लिए अग्निवीर बनने युवाओं में होड़

**भोपाल, ईएमएस।**

करीब तीन साल सरकार ने 14 जून 2022 को युवाओं को सेना से जोड़ने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए अग्निपथ स्कीम की घोषणा की थी, तो विपक्षी पार्टियों ने इस पर सवाल खड़े किए थे। लेकिन आज भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने वाले युवाओं का जुनून बढ़ता जा रहा है। इस बार 33 प्रतिशत अभ्यर्थी बढ़े हैं। सेना भर्ती से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह आंकड़े बेशक ग्वालियर चंबल अंचल के 10 जिलों के हैं, लेकिन कमोवेश देश के अन्य भर्ती कार्यालयों की भी यही स्थिति है। इस बार लिखित परीक्षा में पिछली भर्ती के मुकाबले अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जून माह में आयोजित कराई जाएगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सिलेबस वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

अग्निवीर बनने का जुनून उस ग्वालियर-चंबल अंचल में अभूतपूर्व है, जहां अग्निपथ योजना लागू होने के बाद सबसे बड़ा विरोध देखने को मिला था। इस बार लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ गई है। 2023 में लिखित



परीक्षा में 21 हजार 646 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि यह संख्या इस बार 32 हजार 708 तक पहुंच गई है। तीन साल में सबसे ज्यादा आवेदन इस बार हुए हैं। लगातार अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। मध्य प्रदेश के 10 जिलों ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, श्योपुर, शिवपुरी, टीकमगढ़ के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा जून माह में प्रस्तावित है। अब सेना के अधिकारी लिखित परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। आंकड़ों की बात करें तो 10 जिलों में पहले स्थान पर मुरैना, दूसरे स्थान पर भिंड और तीसरे स्थान पर ग्वालियर है। सबसे ज्यादा अभ्यर्थी इन्हीं तीन जिलों से हैं। भिंड के 7329,निवाड़ी के 1086, छतरपुर के 1202, सागर के 2399, दतिया के 1225, श्योपुर के 364, ग्वालियर के 3783, शिवपुरी के 3152, मुरैना के 10385 और टीकमगढ़ के 178 अभ्यार्थी हैं। सेना भर्ती निदेशक कर्नल पंकज कुमार का कहना है कि अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जून माह में होगी।

## पर्वतमाला परियोजना के तहत मप्र में बनाए जाएंगे रोपवे

### नेशनल हाइवे लाजिस्टिक के सहयोग से होगा निर्माण

**भोपाल, ईएमएस।**

भारत सरकार की पर्वतमाला परियोजना के तहत मध्य प्रदेश में 17 स्थानों पर रोपवे बनाए जाएंगे। रोपवे परियोजनाओं में रानी रूपमति पवेलियन मांडू, सिद्धवारकट जैन मंदिर (ओमकारेश्वर), सैलानी आइलेंड खंडवा, रायसेन किला, पातालकोट तामिया, रामराजा मंदिर ओरछा, रनेह फाल खजुराहो, चौरागढ़ महादेव मंदिर पचमढ़ी और दुग्ध धारा अमरकंटक में रोपवे निर्माण किया जाएगा। नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के सहयोग से रोपवे का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर एमपीआरडीसी ने टेंडर की तैयारी शुरू कर दी है। मप्र सड़क विकास निगम रोपवे निर्माण में एनएचएआई के साथ समन्वय का काम करेगा।इजहां भूमि की आवश्यकता है तो राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में जबलपुर, सागर, उज्जैन सहित चार जगहों पर रोपवे बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें उज्जैन में रोपवे को लेकर काम शुरू हो गया हैं। सिंहस्थ से पहले इसे पूरा करने की योजना है। प्रदेश में ये सभी रोपवे पर्वतमाला परियोजना के तहत बनाए जाएंगे। इनके लिए रेलवे से भूमि अधिग्रहण भी किया जा रहा है।



## राजस्थान ने दी एनओसी, एमपी में बनेगी 1920 मेगावाट बिजली

### गांधी सागर डैम के 892 एमसीएम पानी से पम्प स्टोरेज परियोजना होगी शुरू

**भोपाल, ईएमएस।**

मोहन यादव कैबिनेट द्वारा पम्प स्टोरेज नीति को मंजूरी दिए जाने के बाद अब गांधी सागर डैम के पानी से 1920 मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। इस बिजली उत्पादन के लिए एमपी सरकार को राजस्थान सरकार से एनओसी लेना पड़ा है। इसके बाद गांधी सागर डैम का 892 एमसीएम पानी पम्प स्टोरेज के लिए छोड़ा जाएगा। इसके बाद भी डैम में 3000 एमसीएम पानी उपलब्ध रहेगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता उज्जैन को पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए आवश्यक जल गांधीसागर बांध में स्टोर करके रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस परियोजना के लिए एमपी सरकार ने पहले ही मंजूरी दे दी थी लेकिन राजस्थान सरकार का हिस्सा होने के चलते काम शुरू नहीं हो पाया था। एमपी सरकार ने इसकी जानकारी राजस्थान सरकार को देकर एनओसी मांगी थी। इसके बाद मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग जयपुर द्वारा एनओसी जारी कर दी गई है। इसके बाद ग्रीनको ग्रुप द्वारा 1920 मेगावाट पम्प स्टोरेज परियोजना के निर्माण के लिये गांधीसागर बांध से 891.944 एमसीएम पानी छोड़ने की अनुमति शर्तों पर जारी की गई है। मोहन कैबिनेट ने पम्प स्टोरेज परियोजना के जरिए बिजली उत्पादन की नवीकरणीय विभाग की नीति को फरवरी 2025 में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मंजूरी दी थी।



### बांध सुरक्षा मापदंड का ध्यान रखना होगा

प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग विनोद कुमार देवड़ा ने कहा कि मुख्य अभियंता जल संसाधन उज्जैन को शर्तों के आधार पर पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए आवश्यक जल गांधीसागर बांध में स्टोर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि बांध से जल प्रवाहित करने के लिए तय ऑपरेशन मैन्युअल, बांध सुरक्षा के मापदंडों का पालन करना होगा। बांध से जल प्रवाहित किए जाने के लिए एमपी एवं राजस्थान राज्य अंतर्राज्यीय नियंत्रण समिति और सदस्यों के साथ कोआर्डिनेशन कर कार्रवाई की जाएगी। बांध के निचले क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक अलार्मिंग तंत्र के जरिए पानी छोड़ने की सूचना देकर जल प्रवाहित किए जाने की कार्रवाई की जाए। गांधीसागर जलाशय से प्रवाहित 891.944 एमसीएम जल के राणा प्रताप सागर बांध में सुरक्षित स्टोरेज एवं समुचित उपयोग के संबंध में राजस्थान राज्य के संबंधित मुख्य अभियंताओं से आवश्यक समन्वय किया जाए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान: लक्ष्य से ज्यादा सरोवर बनाने का काम शुरू

## प्रदेश में निर्मित हो रहे 1012 अमृत मानसरोवर

**भोपाल, ईएमएस।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन महाअभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रदेश में जलसंरचनाओं के संरक्षण के लिए प्रदेश में नदियों के उदगम स्थलों का दौरा कर रहे हैं। अभियान तीव्र गति से अपने लक्ष्यों को पूर्ण करने की ओर बढ़ रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा था। अभियान के 41 दिवस में ही निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्रदेश में 1012 अमृत सरोवरों को बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अभियान में कूप रिचार्ज पिट, बावड़ी, खेत-तालाब, अमृत सरोवर, बोरी बंधान, चेकडैम सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, नदियों की जल धाराओं को जीवित के लिए गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य किया जा रहा है।

अमृत सरोवरों से बढ़ेगा भू-जल स्तर

प्रदेश में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन जाने से प्रदेश का भू-जल स्तर बढ़ेगा। इससे जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मियों में कुओं, हैंडपंपों और ट्यूबवेलों का जलस्तर कम नहीं होगा। साथ ही, ग्रामीण आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। सिंचाई के साथ मछली पालन और सिंघाड़े की खेती सहित अन्य गतिविधियों में सरोवरों का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी सहेजना और पुराने जल स्त्रोतों को संवारना है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे



### 30 जून तक जारी रहेगा अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान तीन माह तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से प्रदेशव्यापी महाअभियान की शुरुआत की गई है, जो 30 जून 2025 तक संचालित किया जाएगा।

## प्रदेश में 5 सिस्टम करा रहे बारिश, 14 से होगा कमजोर

**भोपाल।** मप्र में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो टर्फ बारिश करा रहे हैं। शनिवार कोमंदसौर और अशोकनगर में दोपहर 1 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने रविवार को पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। शनिवार को ग्वालियर, मंडला समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर और सागर संभाग के सभी जिलों में गरज-चमक, आंधी और बारिश का दौर रह सकता है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहने की संभावना है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में कुछ सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 14 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ सकता है।

### ब्यूरोक्रेट्स को इसी माह भरना होगी पीएआर

## ऑटो फॉरवर्ड हो जाएगी परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र के सभी ब्यूरोक्रेट्स (आईएएस, आईपीएस, आईएफएस) को अपनी परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) 31 मई तक भरना होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके बाद यह रिपोर्टिंग अथारिटी को ऑटो फारवर्ड हो जाएगी। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय (डीओपीटी) ने इसको लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश के अफसरों को इसके बारे में जानकारी दे दी जाए ताकि अप्रेजल रिपोर्ट में टिप्पणी लिखने और ऑटो फॉरवर्ड होने की प्रक्रिया के चलते किसी की पीएआर प्रभावित नहीं होने पाए। डीओपीटी ने इसके लिए टाइम लिमिट भी तय कर दी है कि अफसर की पहली रिपोर्ट अपलोड करने के बाद से लेकर सीनियर अफसर और मुख्य सचिव की टीप लगने तक में कितना समय लगेगा और कब पीएआर ऑटो फॉरवर्ड हो जाएगी।

केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी अफसरों को सेल्फ एसेसमेंट से पीएआर भरने के निर्देश जारी किए हैं। पीएआर ऑटो फारवर्डिंग सिस्टम से हर माह सीनियर अफसर तक पहुंचेगी। डीओपीटी के अनुसार एक अप्रैल के बाद साल 2024-25 के लिए आईएएस अफसरों को अपनी पीएआर भरना है। इसके लिए सेल्फ असेसमेंट की टाइमलाइन 31 मई तय की गई है। पीएआर साफ्टवेयर पर यह असेसमेंट अपलोड होने के बाद एक जून को रिपोर्टिंग अथारिटी के पास ऑटो फारवर्ड हो जाएगी। जिस आईएएस अधिकारी के सीनियर अफसर के पास रिपोर्टिंग अथारिटी का प्रभार होगा, वह 31 जुलाई तक अपनी टीम संबंधित अफसर के बारे में पीएआर एसेसमेंट में दर्ज कर सकेंगे।

### [ शासन हित में राजस्व वसूली के प्रति परिवहन विभाग उदासीन ]

# अवैध वसूली कर अपनी तिजोरी भर रहे अधिकारी

**भोपाल, ईएमएस।**


प्रदेश के सबसे कमाऊ विभागों में शामिल परिवहन विभाग भ्रष्टाचार और भर्राशाही की जकड़ में इस कदर फंसा हुआ है कि विभाग के अफसर राजमार्गों पर चेकपोस्ट (अब चेकपॉइंट) पर अवैध वसूली कर केवल अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि परिवहन विभाग लगातार राजस्व वसूली में फिरता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2022-23 में टारगेट से अधिक राजस्व संग्रह करने वाला परिवहन विभाग इस बार लक्ष्य की पूर्ति में पिछड़ गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने परिवहन विभाग को 5,500 करोड़ रूपए का टारगेट दिया था, विभाग 4,770 करोड़ रूपए ही वसूल पाया। विभाग का कहना है कि स्टाफ की कमी के कारण परिवहन विभाग टारगेट पूरा नहीं कर पाया है।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष के आखिरी महीने मार्च में परिवहन विभाग ने अपना राजस्व का टारगेट पूरा करने के लिए चैक पोस्ट पर सख्ती बढ़ा दी थी। साथ ही पुराने वाहनों से टैक्स वसूली के नोटिस दिए गए, ताकि राजस्व बढ़ सके। आरटीओ, उडऩ् दस्ता प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लेकिन विभाग टारगेट पूरा करने में 730 करोड़ रूपए से पिछड़ गया। संयुक्त परिवहन आयुक्त, प्रशासन विनोद भार्गव का कहना है कि वित्तीय वर्ष वर्ष में मिले 5,500 करोड़ 99 रुपए के राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के पूरे प्रयास किये गए थे लेकिन 4,770 करोड ही राजस्व आया। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग स्टाफ की कमी से जुझ रहा है। विभाग में अधिकांश पद खाली पड़े हैं। इस कारण काम करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### छापों में खुल रही विभाग की पोल

लोकायुक्त पुलिस ने विगत 1 मई को सौरभके खास राजदार विभाग के दो आरक्षकों गौरव पाराशर और हेमंत जाटव से पूछताछ की गई। इसके बाद विभाग के कुछ आरटीआई, टीएसआई और आरक्षकों को बुलाकर पूछताछ की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि अलग-अलग पूछताछ में विभाग के इन कर्मचारियों ने खुद को बचाने की कोशिश जरूर की है, लेकिन अवैध वसूली सिस्टम की परतें लोकायुक्त के सामने जरूर खोली हैं। इसमें सौरभ के साथ-साथ सौरभ के उन संरक्षकों के नाम भी खोले हैं, जिनके पास वसूली का पैसा जाता था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।